दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 251 | जयपुर | मंगलवार ,15 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-पंचमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### शुभांशु की रिटर्न जर्नी शुरू-23 घंटे का सफर करके पृथ्वी पर पहुंचेंगे



बढ़ता राजस्थान

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट आज 14 जुलाई को शाम 4.45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए। करीब 23 घंटे के सफर के बाद उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट 15 जुलाई दोपहर करीब 3 बजे समुद्र में उतरेगा। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। स्पेसक्राफ्ट 263 किलो से ज्यादा कार्गो के साथ वापस आएगा। इसमें नासा का हार्डवेयर और 60 से ज्यादा प्रयोगों का डेटा शामिल होगा। यह अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।चारों एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समय के अनुसार शाम 4.01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे एस्ट्रोनॉट रवाना हुए थे।स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। ये मिशन तकनीकी खराबी और मौसमी दिक्कतों के कारण 6 बार टाला गया था।

### हरियाणा और गोवा को मिला नया राज्यपाल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ये नियुक्तियाँ उस तिथि से प्रभावी होंगी जिस दिन नए नियुक्त व्यक्ति अपने-अपने कार्यालयों का कार्यभार संभालेंगे। ये नियुक्तियाँ दो राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में प्रमुख संवैधानिक पदों पर फेरबदल का संकेत हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोफेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल और पुसापति अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर (डॉ.) बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया है।
ये नियुक्तियाँ उस तिथि से प्रभावी होंगी जिस दिन नए नियुक्त व्यक्ति अपने-अपने कार्यालयों का कार्यभार संभालेंगे। ये नियुक्तियाँ दो राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में प्रमुख संवैधानिक पदों पर फेरबदल का संकेत हैं। आशिम कुमार घोष, जिन्होंने वरिष्ठ शैक्षणिक पदों पर कार्य किया है और उच्च शिक्षा में अपने प्रशासनिक अनुभव के लिए जाने जाते हैं, हरियाणा के राज्यपाल का पदभार ग्रहण करेंगे।वरिष्ठ राजनीतिक हस्ती और पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, पुष्पति अशोक गजपति राजू, गोवा में कार्यभार संभालेंगे। राजू ने अपने दशकों लंबे राजनीतिक जीवन में आंध्र प्रदेश और केंद्र दोनों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। जम्मू से भाजपा के वरिष्ठ नेता कविंदर गुप्ता, लद्दाख में नई दिल्ली की प्रशासनिक उपस्थिति का नया चेहरा बन गए हैं।

### पंजाब में बेअदबी के खिलाफ बिल को मिली मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** वर्तमान में, पंजाब में बेअदबी के मामलों में कड़ी सज़ा देने का कोई सख्त कानूनी प्रावधान नहीं है। प्रस्तावित कानून जानबूझकर धार्मिक ग्रंथों या पवित्र स्थलों का अपमान करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सज़ा देने का प्रावधान करता है। एक बड़े घटनाक्रम में, आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के आवास पर एक महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक हुई। पंजाब कैबिनेट ने धार्मिक ग्रंथों और पूजा स्थलों के अपमान से निपटने के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित बेअदबी के खिलाफ विधेयकको मंजूरी दे दी।

# राजस्थान में डूबने-बिजली गिरने से 7 की मौत

## कोटा में चंबल नदी में बहे 6 लोग लापता; जोधपुर में रेलवे स्टेशन डूबा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के बीच डूबने, बिजली गिरने और करंट लगने से 7 लोगों की मौत हो गई, वहीं कोटा में चंबल नदी में 7 लोग बह गए। इनमें से 1 को बचा लिया, जबकि 6 लापता हैं। मौसम विभाग ने आज 9 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट और 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं अन्य जिलों में येलो अलर्ट है। सोमवार सुबह से कोटा, बूंदी, बारां, चित्तौड़गढ़, पाली और राजसमंद में भारी बारिश हो रही है। भीलवाड़ा के बिजौलिया में छाई बाई की पुलिया पार करते समय 2 युवक बह गए। सिविल डिफेंस टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। भीलवाड़ा के बिजौलिया में छाई बाई की पुलिया पार करते समय 2 युवक बह गए। सिविल डिफेंस टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### कोटा में चंबल नदी में बहे 7 लोग, 1 को बचाया, 6 लापता

कोटा में निमोदा हरिजी गांव में बीरज माताजी मंदिर के पास चंबल नदी में 7 लोग बह गए। बंशीलाल मेघवाल (40) निवासी निमोदा हरिजी, दीगोद को एसडीआरएफ की टीम ने बचा लिया, जबकि 6 लोग अभी लापता हैं।जिले के बंधा धर्मपुरा में पानी के तेज बहाव में एक युवती स्कूटी सहित बह गई। एसडीआरएफ की टीम ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

### चित्तौड़गढ़ में झरने में डूबने से 3 युवकों की मौत, बच्चा नाले में बहा

चित्तौड़गढ़ के बस्सी थाना क्षेत्र के निलिया महादेव के झरने में 3 युवकों की डूबने से मौत हो गई। तीनों युवक चंदेरिया नर्सिंग कॉलेज में सेकेंड ईयर के छात्र थे और यहां पिकनिक मनाने आए थे। पुलिस को पहले 1 युवक के डूबने की सूचना मिली थी।पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक बैग में 3 मोबाइल और 3 युवकों के कपड़े मिले तो 3 युवकों के डूबने का पता चला। रावतभाटा में बच्चे की नाले में बहने से मौत हो गई।

धौलपुर जिले के बाड़ी में बामणी नदी की लुहार पुलिया पर रपट पार करने के दौरान एक युवक बह गया। लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के कारण वे उस तक नहीं पहुंच सके।बामणी नदी की पुलिया पर तेज बहाव में एक युवती भी बह गई। घटना के बाद ग्रामीण युवती की तलाश कर रहे हैं।

जोधपुर शहर लगातार बारिश के कारण जोधपुर रेलवे स्टेशन परिसर में पानी भर गया। पटरी डूब गईं। जोधपुर के तिंवरी में मूसलाधार बारिश कॉलोनियों और सड़कों पर जलभराव हो गया।केंद्रीय विद्यालय और कई प्राइवेट स्कूलों ने मैसेज भेजकर स्टूडेंट्स को घर पर रहने की सलाह दी। कैम्ब्रिज स्कूल के पास एक कार पानी में डूब गई।





### पाली में बाढ़ जैसे हालात, ट्रेनों का रूट बदला

पाली शहर में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। रामदेव रोड, मोची कॉलोनी के कई घरों में पानी घुस गया। 2 ट्रेनों का रूट बदला गया है। सेंट पॉल, वंदे मातरम सहित कई स्कूलों ने मैसेज के जरिए अभिभावकों को छुट्टी की सूचना दी। पाली जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में बच्चों को स्कूल आने में परेशानी हो रही है, वहां के सरकारी स्कूलों में छुट्टी कर सकते हैं।

### राजसमंद में तेज बहाव में बह गई कारें

राजसमंद के खमनोर क्षेत्र के सुथारों के मोहल्ले में 4 से 5 फीट पानी बहने लगा। बाजार की कई दुकानों में पानी घुस गया। घर के बाहर सड़क पर खड़ी 2 कारें बह गईं।

### उदयपुर में अंडरब्रिज में फंसी बस, ट्रैक्टर से निकाला

उदयपुर के मावली स्थित बोयणा रेलवे अंडरब्रिज में बारिश से भरे पानी में एक निजी स्कूल की बस फंस गई। बस फंसने से अंदर बैठे बच्चे चिल्लाने लगे राहगीरों ने ट्रैक्टर मंगाकर बस को सुरक्षित बाहर निकलवाया। उदयपुर के वल्लभनगर स्थित गवर्नमेंट स्कूल खेतारखेड़ा में पानी भर गया।

### भरतपुर में बिजली गिरने से मकान गिरा, युवक की मौत

भरतपुर के रुदावल थाना इलाके में रविवार रात करीब 2.45 बजे बिजली गिरने से दो मंजिला मकान की छत भरभराकर गिर गई। मकान में सो रहे युवक की मलबे में दबने से मौत हो गई। बयाना में बारैठा बांध के 3 गेट चार-चार फीट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा

# राजस्थान के 5 शहरों में इनकम टैक्स के छापे

## जालसाजी के डॉक्युमेंट जब्त; टैक्स सलाहकार बोगस दावे कर लोगों से भरवा रहे थे आयकर रिटर्न

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के पांच शहरों में सोमवार को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीमों ने छापेमारी की। आयकर विभाग की यह छापेमारी जयपुर, कोटा, भीलवाड़ा, अजमेर और चित्तौड़गढ़ में टैक्स सलाहकारों के 11 ठिकानों पर की गई। इस दौरान टीम ने कुछ अहम डॉक्युमेंट और डिजिटल डिवाइस जब्त किए हैं।दरअसल, विभाग की ओर से आयकर रिटर्न में छूट के बोगस दावे करने वालों पर देशभर में जांच की जा



रही है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, बड़ी संख्या में इनकम टैक्स रिटर्न में लोगों की ओर से विभाग को गलत इन्फॉर्मेशन दी गई है। इनकम टैक्स की ओर से दी जाने वाली छूट के लिए गलत दावे पेश किए गए।इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पास सेंट्रलाइज सिस्टम से रिटर्न में गलत इन्फॉर्मेशन देने की जानकारी हाथ लगी। जांच में पता चला कि फेक डोनेशन और विभिन्न धाराओं में मिलने वाली छूट को लेकर बोगस दावे कर रिटर्न फाइल की गई।

# राजस्थान में आरजीएचएस से प्राइवेट हॉस्पिटलों मे इलाज जारी रहेगा

## प्रमुख शासन सचिव हेल्थ से मीटिंग के बाद संचालकों की मांगों पर बनी सहमति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम से जुड़े सरकारी कर्मचारियों का प्राइवेट हॉस्पिटल में आरजीएचएस के तहत इलाज जारी रहेगा। प्रमुख शासन सचिव हेल्थ गायत्री राठौड़ संग हुई बैठक के बाद हॉस्पिटल संचालकों ने आरजीएचएस की सुविधा को जारी रखने की बात कही।राजस्थान अलाइंस हॉस्पिटल एसोसिएशन की ओर




से सर्वेश जोशी, शिवराज सिंह राठौड़ समेत अन्य ने आज सचिवालय जाकर प्रमुख शासन सचिव से मुलाकात की। यहां अपने संगठन की मांगों को रखा। इस पर सचिव ने सभी बातों को सुनने के बाद उनके भुगतान की समस्या को जल्द से जल्द दूर करवाने का आश्वासन देते हुए 31 जुलाई तक भुगतान जारी करने की बात कही।साथ ही उन्होंने कहा कि जिन हॉस्पिटल संचालकों के खिलाफ अनियमितताएं मिली हैं, उनकी जांच जारी रहेगी। उन पर नियमानुसार कार्यवाही होगी। सचिव के इस आश्वासन के बाद संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने 15 जुलाई से जो आरजीएचएस के तहत इलाज न करने की घोषणा को वापस लेते हुए सेवाएं जारी रखने की बात कही।

# सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन के लिए 2 साल की छूट:हाउसिंग स्कीम में 7 प्रतिशत जमीन पार्क के लिए अनिवार्य

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करीब चार महीने बाद हुई भजनलाल सरकार की कैबिनेट और मंत्रिपरिषद बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन के लिए दो साल की छूट देने का फैसला लिया गया। साल 2025-26 में कर्मचारियों को दो साल की छूट दी गई है। यह कैबिनेट बैठक 4 महीने बाद हुई है, इससे पहले मार्च के पहले सप्ताह में कैबिनेट बैठक हुई थी। बैठक में टाउनशिप पॉलिसी सहित 3 नीतियों को भी मंजूरी दी गई है। टाउनशिप पॉलिसी के तहत अब हाउसिंग स्कीम में जमीन का 7 प्रतिशत हिस्सा पार्क व खेल मैदान के लिए रखना अनिवार्य होगा। वहींइडब्लूएएस,और एलआईजी प्लॉट का आवंटन स्थानीय निकायों द्वारा ही किया जाएगा। गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी के तहत छोटे शहरों तक सीएनजी नेटवर्क का विस्तार करने का प्रावधान किया गया है।

### कैबिनेट बैठक के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

मंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया से कहा- सरकार ने आ्रपीएससी में सदस्यों की संख्या 7 से बढ़ाकर 10 करने को मंजूरी दे दी। जल्द ही निलंबित आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा पद से बर्खास्त होंगे। राष्ट्रपति से मंजूरी के बाद अब फाइल सुप्रीम कोर्ट के पास है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इन्हें जल्द ही पद से हटाया जाएगा।



कैबिनेट ने आज तीन पॉलिसियों का भी अनुमोदन (स्वीकृत) किया है। इनमें मेडिकल वेल्यू ट्रैवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान नीति-2025), टाउनशिप पॉलिसी-2024 और राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति 2025 शामिल है।

1. हील इन राजस्थान पॉलिसी = मंत्री सुमित गोदारा ने बताया- इस पॉलिसी के तहत राजस्थान में मेडिकल टूरिज्म के साथ वैलनेस टूरिज्म पर भी फोकस होगा।

राजस्थान को सुलभ, किफायती लागत और भरोसेमंद मेडिकल वेल्यू ट्रैवल डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगी। यह नीति स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्रों को एकीकृत करके आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और वैश्विक ब्रांडिंग को बढ़ावा देगी।

2. टाउनशिप पॉलिसी = मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- सरकार चाहती है कि शहरी क्षेत्र में सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो और नियोजित विकास हो। इसे लेकर नई टाउनशिप पॉलिसी 2024 लाई जाएगी। इस नीति के आने के बाद सभी हाउसिंग स्कीम्स में 7 प्रतिशत हिस्सा पार्क व खेल मैदान और 8 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र का प्रावधान किया गया है।

3. राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति= गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए अनुमति, भूमि आवंटन और मंजूरी की प्रक्रिया को समयबद्ध और सरल बनाया गया है। इसके लिए सीजीडी पोर्टल भी विकसित किया जाएगा।

कैबिनेट ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर की गवर्निंग बॉडी के पुनर्गठन को भी मंजूरी दे दी है। अभी तक गहलोत सरकार के समय गठित बॉडी ही इसका संचालन देख रही थी, लेकिन अब कैबिनेट की मंजूरी के बाद नई बॉडी गठित हो सकेगी।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज.) 302001, बूंदी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जोधपुर, उदयपुर, चाकसु,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## पीलिया की कोठी स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर पर भक्तों की उमड़ी भीड़

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )** । सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही सुबह से ही मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजे रिमझिम बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने शिव पूजन किया।टीकाकुंड मंदिर, श्री गोमती धाम, भूमिया बाबा मंदिर, पाताली हनुमान मंदिर, सत्संग भवन और पीलिया की कोठी स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर सहित क्षेत्र के सभी शिवालयों में दोपहर 12 बजे तक भक्तों की कतार लगी रही। महिलाओं और पुरुषों ने धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार किया शिवलिंग को फूल मालाओं से सजाया गया और भक्तों ने विधिवत जलाभिषेक किया।

## सुरेश गठाला और जगदीश यादव बने बीज निगम निदेशक, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया अभिनन्दन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात उत्तर के नव नियुक्त वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला एवं भाजपा नेता जगदीश यादव को बीज निगम में निदेशक बनने पर सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता किशन लाल गुरूजी की अध्यक्षता में पावटा अखाड़ा परिषद में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। भाजपा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला ने विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ एवं जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए कार्यकर्ताओं की आशा पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। बीज निगम निदेशक जगदीश यादव ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए किसान हित में तत्पर रहने की बात कही। पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने भी इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। उन्होंने सुरेश गठाला और जगदीश यादव को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और कहा कि वे हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर किशन लाल गुरुजी, बनवारी लाल स्वामी, पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कैलाश ताखर, ओपी बायला, निर्मल पंसारी, मुखराम धनकड़, पप्पू स्वामी, बालचंद राठी, छाजू फोगाट समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने सुरेश गठाला और जगदीश यादव को बधाई दी और कार्यकर्ताओं की एकता का संदेश दिया।

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद का स्नेहमिलन समारोह आयोजित,विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद का स्नेह मिलन समारोह आज हरिदास जी की मगरी स्थित एक निजी होटल मे आयोजित किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का उदयपुर आगमन पर सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाना,हिंदू एकता एवं सनातन संस्कृति पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर राय ने की एवं प्रांतीय प्रमुख महासचिव गणेश शंकर तिवारी, जिलाध्यक्ष अमिताभ ठाकुर, जिला महासचिव मुकेश सिन्हा ,कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, जिला अध्यक्ष मानवाधिकार प्रकोष्ठ जितेन्द्र चित्तौड़ा ,जिला अध्यक्ष बौधिक प्रकोष्ठ सतीश चंद्र तिवारी, जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ मुकेश वर्मा,जिलाध्यक्ष संगीत नृत्य प्रकोष्ठ सुनील हिंगड़,कार्यकारिणी सदस्य आशु श्रीवास्तव, धर्म प्रकाश श्रीवास्तव, एवं अन्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## क्रोध करने से व्यक्ति की ज्ञान कोशिकाएं नष्ट होती:आचार्य ज्ञानचंद्र महाराज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री अरिहंतमार्गी जैन महासंघ शाखा उदयपुर के तत्वावधान में ओरबिट रिसोर्ट स्थित अरिहंत भवन में आयोजित धर्मसभा में आचार्य ज्ञानचंद्र महाराज ने कहा कि जिस प्रकार आग में हाथ डालने से हाथ जल जाता है। ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति आग में हाथ नहीं डालता। इसी तरह क्रोध भी आग की तरह है। क्रोध करने से व्यक्ति की ज्ञान कोशिकाएं नष्ट होती हैं। यह बात जब व्यक्ति को स्पष्ट रूप से दिखाई जाएगी, उसके अनुभव में आएगी, तब व्यक्ति क्रोध करना छोड़ देगा।उन्होंने कहा कि एक बार तेज गुस्सा करने पर शरीर में इतना जहर फैलता है कि जिस जहर को बाहर निकाल कर प्रयोग किया जाए तो विज्ञान दृष्टि से भी 80 व्यक्ति खत्म हो सकते हैं। तेज क्रोध के समय एक व्यक्ति को सर्प ने काटा, आश्चर्य है कि आदमी नहीं,सर्प मारा गया,क्योंकि क्रोध से फैला जहर सर्प पर असर कर गया। तेज क्रोध करती हुई माता ने बच्चें को दूध पिलाया तो दूध में जहर फैल जाने से बच्चा मारा गया। इसलिए कैसे भी परिस्थिति हो, क्रोध से दूर रहा जाए। शांत रहने पर ज्ञान शक्ति एवं स्मरण शक्ति बढ़ने लगती है। क्षमा से चेहरे पर तेज टपकता है। क्षमा वीर का आभूषण है।आज की सभा में दिल्ली से सतीश, विनोद, हैदराबाद से अशोक,प्रिया सहित सैकड़ों स्थानीय श्रावक मौजूद थे। संतरत्न अजीत मुनि महाराज के 108 आयंबिल का आज पारणा हुआ। संतरत्न सुदर्शन मुनि महाराज के आज आठ की तपस्या है।

# साहवा; सीसी सड़क के किनारे नही बनाई नालिया, बरसात का पानी घरों में घुसा

### क्रॉसिंग नालियों पर जालियां नहीं होने और खुले चैंबरो से होती रहती है दुर्घटना ,पीडब्ल्यूडी की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे कस्बेवासी, परेशान ग्रामीणों ने नगरपालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में गुरुनानक टीला से गुरुगोविंद सिंह गुरुद्वारा तक पीडब्ल्यूडी द्वारा करवाए गए सड़क निर्माण के दौरान आबादी क्षेत्र के बीच बनी सीसी सड़क के दोनों तरफ पानी निकासी की नालिया नहीं बनाए जाने से बरसात का पानी लोगो के घरों में घूस गया जिसके चलते कुछ घरों में दीवारें गिरने और पक्के मकानों में दरारें आने से लोगो को नुकसान हो गया। परेशान ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी की लापरवाही और नगरपालिका की अनदेखी के खिलाफ विरोध प्रकट करते रोष जताया तथा नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी और अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा। विदित रहे पीडब्ल्यूडी की ओर से गुरुनानक टीले से गुरुद्वारा तक 6 किमी सड़क का निर्माण करवाया गया है जिसके तहत आबादी क्षेत्र में वार्ड 20 से गुजरने वाले इस मुख्य रास्ते पर सीसी सड़क का निर्माण किया गया है करीबन 1 किमी लंबी इस सीसी सड़क के दोनों तरफ नालियों का निर्माण नहीं करवाया गया जिसके चलते बरसात के



समय सड़क का पानी निचले घरों में घूस जाता है। वहीं सड़क के मध्य बनी क्रॉसिंग नालियों को लोहे की जालियों से नही ढके जाने के कारण आए दिन ऊंटगाड़ी, बैलगाड़ी तथा छोटे वाहनों के फसने से दुर्घटना होती रहती है वहीं कुछ स्थानों पर सड़क के बीचों बीच बने सिवरेज के खुले चैंबरों में छोटे बच्चे और जानवर आदि गिरने का खतरा बना रहता है लेकिन इसके बावजूद भी संबंधित ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। सार्वजनिक निर्माण विभाग की लापरवाही का खामियाजा वार्ड के लोगो को भुगतान पड़ रहा है। इस संबंध में सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता रोहिताश सैनी के नेतृत्व में वार्ड के बृजलाल सैनी, भिखाराम सांडेला, आदराम सांडेला, लीलूराम सांडेला, चिमनाराम सांडेला, महावीर सैनी, सुभाष जाट, किशन सैनी आदि ने पीडब्ल्यूडी और नगरपालिका के प्रति रोष व्यक्त किया तथा नगरपालिका अध्यक्ष करमचंद नैण को ज्ञापन सौंपकर सीसी सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण करवाने, खुली पड़ी क्रॉसिंग नालियों पर लोहे की जालियां लगवाने, टूटे चैंबरो की मरम्मत करवाने तथा सड़क से जुड़ने वाले मोहल्ले के रास्तों पर स्लैब निर्माण करवाने के साथ ही बरसात से हुए नुकसान का मुआवजा दिलवाने की मांग उठाई।

**सड़क के लगा कटाव, पानी में बह गई ईंटे**

सीसी सड़क के दोनों तरफ नालिया नहीं होने के कारण पीडब्ल्यूडी की ओर से दोनों तरफ खाली पड़ी जगह पर इंटरलॉक लगाई गई। लेकिन काम में हुई लीपापोती के कारण बरसाती पानी के कारण सड़क किनारे कटाव लगने से इंटरलॉक और मिट्टी पानी के साथ बह गई जिसके चलते कुछ स्थानों पर गड्ढे हो गए तथा सीसी सड़क के नीचे से मिट्टी धंसने से हादसा होने के खतरा बना रहता है।

**सड़क से जुड़े लिंक रास्तों पर स्लैब नहीं**

वार्ड 20 से होकर गुजरने वाली पीडब्ल्यूडी की इस सीसी सड़क से दोनों तरफ के जुड़ने वाले लिंक रास्तों को पर ठेकेदार की ओर से स्लैब का निर्माण भी नहीं करवाया गया जिसके कारण पानी के कटवा से लिंक रास्तों पर सड़क किनारे गड्ढे बन गए है तथा यहां से आने जाने वाले वाहन और ऊंटगाड़ी का निकलना तक मुश्किल हो जाता है। कुछ जगह पर मुख्य सड़क ऊंचाई पर होने के कारण इन रास्तों के पानी निकासी के लिए सिवरेज में कनेक्शन भी नहीं जोड़े गए जिसके कारण बरसाती पानी से ये रास्ते लबालब भर जाते है और पानी लोगो के घरों में घूस जाता है।

### पानी घुसने से घरों में हुआ नुकसान

वार्ड 20 के मुख्य रास्ते पर बनी सीसी सड़क के दोनों ओर नालिया नहीं होने के कारण रविवार को हुई तेज बरसात के बाद सड़क का पानी आस पास के घरों में घूस गया। जिसके चलते कुछ घरों में कच्ची दीवारें गिर गई तथा पक्के मकानों में दरारें और सीलन आ गई। बारिश का पानी कुछ घरों की दीवारें तोड़कर मकानों में घुस गया जिसके चलते लोग रातभर जागते रहे। ऐसे में लोगो का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया।

## 'डी पी एस,उदयपुर में संगम मॉडलयूनाइटेड नेशंस- 2025 का भव्य समापन'

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय संगम ᵕ मॉडलयूनाइटेड नेशंस- 2025 का समापन समारोह भव्यता और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस समारोह में उदयपुर के राजघराने की महारानी श्रीमती निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ऑफ उदयपुर मुख्य अतिथि थीं।

शाला प्रबंधन के प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत- अभिनंदन किया। शाला प्रबंधन की सदस्या श्रीमती आशिता अग्रवाल एवं अपूर्वा अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि का परिचय करवाते हुए उनकी उपस्थिति पर आभार प्रकट किया।

तीन दिवसीय विशेष सम्मेलन में उदयपुर शहर तथा शहर के बाहर से 45 विद्यालयों से आए हुए 265 से अधिक




विद्यार्थियों ने अमेरिका, रशिया, यूरोप, अफ्रीकातथा मिडल ईस्ट के देशों के प्रतिनिधिमंडल के रूप में भाग लेते हुए संयुक्त राष्ट्रसंघ की जनरल असेंबली, यूनाइटेड नेशंस ह्यूमन्स राइट्स कमीशन, यूनाइटेडनेशंस कमिशन ऑन द स्टेट्स ऑफ़ वीमेन,कंटीन्यूअस क्राइसिस कमिटी, इंटरनेशनलप्रेस के प्रतिनिधि के रूप में अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। साथही लोकसभा की कार्य-प्रणाली को भी विद्यार्थियों ने कुशलतापूर्वक प्रदर्शित किया।

इस प्रकार की परिचर्चाओं से छात्रों में वैश्विक स्तर पर घटित होने वाली घटनाओं केप्रति जागरूकता तथा विभिन्न ज्वलंत विषयों पर वैचारिक क्षमता, वाक्र लेखन कौशल का विकास होता है।

मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ऐसी गतिविधियाँविद्यार्थी को आत्मविश्वासी बनाती हैं और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।

प्राचार्य संजय नरवरिया ने कहा कि एम यू एन के सफलतापूर्वक आयोजन पर हमेंप्रसन्नता हो रही है और इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियोंकी सशक्त व कर्मठ टीम को जाता है, जिन्होंने अथक परिश्रम से इसे सफल बनाने केहर संभव प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष यह आयोजन राज्य स्तर पर आयोजितकिया जाएगा, जिसमें पूरे राज्य के विद्यालयों से प्रतिभागियों कोआमंत्रित किया जाएगा एवं यही छात्र भविष्य में विश्व पटल पर अपनीएक अमिट छाप छोड़ेंगे एवं अपने नेतृत्व कौशल को दिखाएंगे।

## किडनी रोगियों के लिए राहत की खबर

### पावटा के राजकीय उपजिला अस्पताल में शुरू हुई डायलिसिस सुविधा

बढ़ता राजस्थान



पावटा (सुशील कुमार बंसल)। किडनी रोगियों के लिए अच्छी खबर है। राजकीय उपजिला अस्पताल पावटा में डायलिसिस सुविधा शुरू कि जा चुकी है। पावटा शहर में यह सुविधा शुरू होने से मरीजों को निजी और बड़े हॉस्पिटलों में चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रवि बंसल ने बताया कि पावटा शहर के राजकीय उपजिला अस्पताल में जयपुर के अन्य बड़े निजी अस्पतालों की तरह ही हीमो डायलिसिस की सुविधा शुरू कि जा चुकी है। इससे गुर्दे रोग से पीड़ित मरीजों को हीमो डायलिसिस कराने के लिए कोटपूतली या जयपुर जैसे बड़े सरकारी और निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डॉ. संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि हीमो डायलिसिस एक ऐसी मशीन है जो किडनी खराब होने पर रक्त से अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालकर साफ करती है। उन्होंने कहा कि मरीज की स्थिति देखकर डायलिसिस किया जाता है। हॉस्पिटल पीएमओं डॉ. रवि बंसल ने बताया कि इस सुविधा का पहला लाभ प्रागपुरा कस्बे के 52 वर्षीय श्योराम पुत्र घासीराम व राजनौता ग्राम की कुशूम (40) पत्नी जगदीश को मिला है।

## सदर थाना पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अगरी निवासी विनोद मीना के रूप में हुई है।थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने नाहर घाटी से गांवडी मीना के रास्ते पर कार्रवाई की। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ मासलपुर, कोतवाली थाना करौली और कुडगांव पुलिस थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में एएसआई रजन लाल, कॉन्स्टेबल हेमेंद्र, श्याम सिंह, धनीराम और अमोल शामिल थे। अवैध हथियारों की सूचना मिलने में डीएसटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नीट 2025 में चयनित 7 प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र के सुप्रसिद्ध एसएमएस विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा नीट परीक्षा 2025 में सफलता हासिल करने पर संस्था के समन्वयक डॉ शशिकांत बोहरा ने उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। बोहरा द्वारा नीट परीक्षा परिणाम में चयनित 7 पूर्व विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का माला साफा पहनाकर किया गया !वहीं चयनित विद्यार्थियों को चांदी का मैडल पहनाकर सम्मान भी किया गया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए देशी घी के लड्डू खिलाकर उनका मुँह भी मीठा कराया गया।उक्त सभी चयनित प्रतिभाओं को शिव बर्तन भण्डार के मालिक और प्रसिद्ध व्यापारी राजेश कुमार सिंघल द्वारा भगवान श्री राम का दरबार वाला छायाचित्र भेंट भी किया गया।

नीट परीक्षा में चयनित ने अपनी सफलता



का श्रेय एसएमएस विद्यालय स्टॉफ सहित समन्वयक डॉ शशिकांत बोहरा को दिया। उन्होंने अपने माता पिता द्वारा की गई तपस्या का ही परिणाम अपनी संस्था को बताया जिसके कारण आगे बढ़ने की ललक बढ़ी। उन्होंने कहा कि यदि माता पिता हमें ऐसे संस्थान में शिक्षा नहीं दिलवाते तो क्या पता हमें यह मुकाम मिलता या नहीं मिलता।

हमारे बड़े सरजी और समस्त गुरुजनों ने हमारा मार्गदर्शन किया उनकी शिक्षा ही हमारी सबसे बड़ी पूँजी और धरोहर है और रहेगी !इस मौके पर बोलते हुए समन्वयक डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि आपकी लगन और स्टॉफ की मेहनत का परिणाम है जो आपको सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान को क़ायम रखने के लिए माता पिता के मार्गदर्शन में ही आगे की पढ़ाई करनी है और आगे बढ़ना है। क्योंकि माता पिता से बड़ा कोई नहीं होता !कोई भी माता-पिता अपने बच्चे के भविष्य के बारे में कभी बुरा नहीं सोचता !यदि आपने इस लक्ष्मण रेखा को उलाँघने का प्रयास किया तो मैं मानता हूँ कि आप हमारी संस्था में पढ़ने के काबिल ही नहीं थे।सभी पूर्व विद्यार्थियों ने बोहरा को विश्वास दिलाया कि आपके आदेश की किसी भी सूरत में पालना की जाएगी।

# वाल क्षेत्र में हंसराज रावत के नेतृत्व में पहुंचा गुर्जर समाज का प्रतिनिधि मण्डल

### समाज से भटकाव और समाज सुधार को लेकर होगी महापंचायत:रावत

बढ़ता राजस्थान

बानसूर( धीरज मौर्य )। विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर उपखण्ड क्षेत्र के वाल क्षेत्र में बीस सदस्यीय गुर्जर समाज का एक प्रतिनिधि मण्डल पहुँचा। जिसकी बैठक देवनारायण मन्दिर डूँगरिया नारायणपुर में आयोजित हुई । बैठक में कुल 11बिन्दुओं पर चर्चा हुई और अन्य बिन्दुओं को प्रस्तावित रखा गया, जिसमें समाज का कोई भी नागरिक अपने सुझाव दे सकता है।इस मौके पर बोलते हुए हंसराज रावत ने कहा कि स्व. कर्नल किरोड़ीलाल बैंसला द्वारा दिए गए समाज सुधार को स्वीकार करो। इस मौके पर बोलते हुए बानसूर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी इन्द्राज गुर्जर ने कहा कि स्व. कर्नल साहब के कुल 11सुझाव थे !उन्होंने हम पर थोपां नहीं बल्कि आमंत्रित किए। मुझे गर्व है कि मैं भगवान देवनारायण के कुल और किरोड़ीलाल बैसला के समाज में पैदा हुआ हूँ। गुर्जर ने कहा कि स्व. कर्नल साहब द्वारा दिया गया मार्गदर्शन समाजहित में है और समाज को उसकी पालना करनी चाहिए !लेकिन समाज का कोई भी नागरिक अपना सुझाव रखेगा तो वे विकल्प भी सुरक्षित रखे गए हैं। गुर्जर ने कहा कि बैंसला साहब द्वारा किए गए समाज सुधार के आंदोलन को समाज को नहीं भूलना चाहिए !उनके प्रयास से ही हमारी संख्या सरकारी नौकरियों में बढ़ रही है।कर्नल साहब सही मायने में विशेष पिछड़ा वर्ग के मसीहा थे। उनके नेतृत्व में समाज को जो कुछ मिला उसको समाज कभी भुला नहीं पाएगा !गुर्जर ने बताया कि उनके समाज सुधार के कुल11सूत्र थे लेकिन उन्होंने उन



सूत्रों को और आगे बढ़ाने के लिए समाज के लोगों के लिए विकल्प खुले रखे और कहा भी था कि मैं 24कैरेट सोना नहीं, सोना तो मेरा समाज है। उन्होंने बताया था कि छठी की रात में व्यर्थ खर्च बन्द करो,पेज भरने और भरवाने में व्यर्थ खर्च बन्द करो,सगाई मिलनी और टीका में व्यर्थ खर्च से बन्द करो !लग्न बान बनवारा परिवार सहित साझा करो,लड़की की शादी में घरपति भोजन का प्रोग्राम जारी रखो,तथा किसी भी सामाजिक और मांगलिक कार्यों में डीजे को बजाना बन्द करो !जिसको लेकर गुर्जर समाज में समाज सुधार को लेकरआगामी 5अक्टूबर 2025को पनियाला में एक बहुत विशाल महापंचायत का आयोजन होगा। जिसमें प्रदेश सहित देश के बड़े और ख्यातिनाम नेता, वक्ता, प्रबुद्ध नागरिक शामिल होंगे। वहीं हंसराज रावत ने गुर्जर समाज में नौजवानों के हो रहे भटकाव को लेकर चिन्ता जाहिर की। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी शिक्षा से जुड़े और आगे बढे यदि कोई अड़चन आ रही है तो मुझे या समाज के लोगों से मिले और बतावें जिसका समाधान जरूर होगा। समाज सुधार की इस बैठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बानसूर इन्द्राज गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य हीरालाल धाभाई, सरपंच खेमचन्द, शीशराम रावत अध्यापक, नेतराम रावत, रामकरण सरपंच, हंसराज सरपंच, मुकेश सरपंच, लोकेश सरपंच, रमेश गिराटी, उमराव नेताजी,सुरेश कसाना, इन्द्राज कसाना सूबेदार, जयसिंग सूबेदार, लक्ष्मण पायला, रामकरण धाभाई, रामपाल सराधना, सहित गुर्जर समाज के गणमान्य मौजूद रहे।

# डाबला रोड़ पर कम्प्रेषर की टंकी फटी, मजदूर गंभीर रूप से घायल, जयपुर रैफर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के डाबला रोड़ पर सोमवार दोपहर एक टायर पेंचर की दुकान पर अचानक एयर कम्प्रेषर की टंकी फट गई। जिससे वहां काम कर रहा एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि दुकान पर किसी टायर की पेंचर निकाल रहा मजदूर कस्बे के वार्ड नं. 11 निवासी राजू (35) पुत्र छीतरमल सैनी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ट्रौमा सैंटर में भर्ती करवाया गया। जहां से हालत बिगड़ने पर उसे प्राथमिक उपचार देकर जयपुर रैफर किया गया।

# पुलिस की छवि बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस हुई कैशलेस

## अब डेबिट कार्ड,क्रेडिट कार्ड एवं यूपीआई के माध्यम से होगा भुगतान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** यातायात पुलिस की छवि को अधिक बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस कैशलेस कार्रवाई करेंगी। इसके लिए सोमवार को जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने मोटर यान अधिनियम 1988 यथा संशोधित मोटर यान (संशोधन) अनिनियम 20219 व अन्य वर्णित प्रावधानों के तहत यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही को कैशलेस किए जाने के निर्देश जारी किए है।ये आदेश अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात योगेश दाधीच के नेतृत्व में जारी किए गए है। यातायात पुलिस उपायुक्त शहीन सी ने जानकारी देते हुए कहा की यातायात पुलिस,यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालो पर ई-चालान डिवाइस के माध्यम से कार्रवाई करेंगी। चालान प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए व पुलिस की छवि को अधिक बेहतर बनाए जाने के लिए ई - चालान एप में प्रायोगिक तौर पर कैश विकल्प को डिसेबल करेंगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक डेबिट कार्ड,क्रेडिट कार्ड एवं यूपीआई के माध्यम से ही चालान का भुगतान करेंगे।

ऑन लाइन पेमेंट नहीं होने पर ऑनलाइन आरसी,लाइसेंस को डिजिटल रूप में किया जाएगा जब्त

पुलिस उपायुक्त शहीन सी ने बताया कि यदि वाहन चालक के पास पेमेंट का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नहीं तो एम परिवहन डिजी लॉकर या परिवहन विभाग के माध्यम से ऑनलाइन आरसी,लाइसेंस को डिजिटल रूप से जब्त कर पेंडिंग चालान बनाया जाएगा। जिसका भुगतान यादगार भवन,अजमेरी गेट चालान शाख,कमरा नंबर 30 व 31 में नकद राशि के साथ-साथ डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं यूपीआई के माध्यम से भुगतान किया जा सकेंगा। इसके अलावा उल्लंघनकर्ता पेंडिंग चालान को ई - चालान अधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर जमा करा सकता है।

# कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन और जीरो पेंडेंसी सुनिश्चित करें, गांवों को पॉलीथिन मुक्त करने के लिए 2 अक्टूबर से चलेगा अभियान – पंचायती राज मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि स्वच्छ ग्राम राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अधिकारियों को 2 अक्टूबर से ग्रामीण क्षेत्रों को पॉलीथिन मुक्त करने के लिए अभियान चलाने और इसकी अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में प्रतिदिन सफाई होनी चाहिए। जिन ग्राम पंचायतों में सफाई के टेंडर हो




चुके है, वहां 1 अगस्त तक नियमित सफाई शुरू हो जानी चाहिए। पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय स्थित पंचायती राज भवन में विभागीय अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में टेंडर होने के बावजूद सफाई प्रतिदिन नहीं शुरू हो रही है, उन पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में सफाई के टेंडर अभी तक नहीं हुए है, वहां शीघ्र से शीघ्र टेंडर करें।उन्होंने अधिकारियों द्वारा किए गए दौरों और रात्रि विश्राम की विस्तार से जानकारी ली। पंचायती राज मंत्री ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों में गंदगी पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में दिलावर ने कार्यों का शीघ्र समयबद्ध क्रियान्वयन और जीरो पेंडेंसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को समय से कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया। पंचायती राज मंत्री ने पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा वाटरशेड विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में श्रीमती सलोनी खेमका, निदेशक स्वच्छ भारत मिशन, बृजेश कुमार चंदोलिया, अतिरिक्त आयुक्त एवं संयुक्त सचिव, पंचायती राज विभाग एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री ने सिरोही जिले में प्रगतिरथ विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** केन्द्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री भूपति राजू श्री निवास वर्मा ने सोमवार को आकांक्षी जिले सिरोही में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति और कार्यां का निरीक्षण किया।केन्द्रीय



राज्य मंत्री ने राजपुरा में जेजेएम के तहत किये गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारियों ने बताया कि यह ग्राम जल जीवन मिशन शुरू होने से पहले पनघट योजना से लाभान्वित था जिसमें एक नलकूप से 2 भूतल जलाशयों में जलापूर्ति की जाती थी तथा ग्रामीण वहा, से सार्वजनिक नलों से पानी भरकर लाते थे। जल जीवन मिशन के अंतर्गत इस ग्राम के लिए 127.13 लाख रूपयें की योजना स्वीकृत हुई थी जिसके तहत एक 150 केएल का उच्च जलाशय 50 केएल स्वच्छ जलाशय पंप हाउस का निर्माण तथा मुख्य एवं वितरण पाईप लाइन लगाकर ग्राम के सभी 559 घरों में जल सम्बन्ध स्थापित कर वर्तमान में सपूर्ण ग्राम में हर घर से जलापूर्ति की जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को पाइपलाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने गुणवत्ताविहीन कार्य करने पर ठेकेदारों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# जन समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पर कलक्टर की फटकार, फिर भी पुराने परिवाद जस के तस

## रोजगार उत्सव, संपर्क व लाइट्स पोर्टल पर समीक्षा, लेकिन ज़मीनी हालात नहीं सुधरे

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )। जिले में जन समस्याओं के समाधान को लेकर एक बार फिर साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, लेकिन हकीकत यही है कि पुराने परिवाद अब भी लटके हुए हैं और कई विभाग लंबित मामलों पर गंभीर नहीं दिख रहे। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बैठक में भले ही तीखी चेतावनी दी हो, लेकिन यह पहली बार नहीं जब ऐसी सख़्त हिदायतें दी गई हैं, सवाल उठता है कि इन बैठकों के बाद भी क्या असल बदलाव नजर आ रहे हैं?

30 दिन से अधिक समय से लंबित जन परिवादों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं

संपर्क पोर्टल, सीएमओ व जनसुनवाई के तहत आने वाली शिकायतें अब भी लंबित हैं।




कलक्टर ने अधिकारियों को 30 दिन से अधिक लंबित परिवादों का समाधान करने को कहा, लेकिन पिछली बैठकों में भी ऐसे ही निर्देश दिए गए थे, जिन पर बहुत सीमित अमल हुआ है।

बजट घोषणाएं और फ्लैगशिप योजनाएं भी सिर्फ कागज़ों पर

बैठक में योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन की बात तो हुई, लेकिन स्थानीय लोगों को अब तक योजनाओं का लाभ अपेक्षित रूप से नहीं मिल पा रहा है। हरियालो राजस्थान, पेयजल व्यवस्था, सफाई और सड़कों की स्थिति में जमीन पर कोई बड़ा सुधार नहीं दिखा है।



लाइट्स पोर्टल और आधार सीडिंग जैसे मुद्दों पर प्रगति धीमी

लाइट्स पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की संख्या अब भी ज्यादा है। खाद्य आपूर्ति विभाग को आधार सीडिंग और के-ईवाईसी जैसे बुनियादी कार्य अब तक पूरे नहीं कर पाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आवश्यक सेवाओं में डिजिटल ढांचा कमजोर साबित हो रहा है।

मानसून से निपटने की तैयारी अधूरी, जलभराव बना खतरा

जिला प्रशासन मानसून से निपटने की बात तो कर रहा है, लेकिन नगर परिषद अब तक जलभराव प्रभावित इलाकों की मुकम्मल पहचान नहीं कर पाई है, जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। दवा छिड़काव और सफाई का काम अभी भी सुस्त रफ्तार से चल रहा है।

टीम भावना की बात, लेकिन विभागीय समन्वय नदारद

अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया, लेकिन वास्तविकता यही है कि विभागों में तालमेल की कमी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा बन रही है।

निष्कर्ष

प्रशासनिक बैठकों और चेतावनियों के बावजूद जनता को राहत नहीं मिल रही, और समस्याओं का समाधान अब भी कागज़ों से बाहर नहीं निकल पा रहा। यदि ज़मीनी स्तर पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो यह बैठकें महज़ औपचारिकता बनकर रह जाएंगी।

# बार व बैंच के आपसी सहयोग व समन्वय से ही न्यायपालिका की सार्थकता - शिवानी सिंह

## कोटपूतली-बहरोड़ जिले की प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीष शिवानी सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार,न्यायालय परिसर पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत, पुलिस टुकड़ी ने दिया गॉर्ड ऑफ ऑनर

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )। नवगठित कोटपूतली-बहरोड़ जिले की प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीष शिवानी सिंह सोमवार को कस्बे के जिला एवं सैषन न्यायालय में विधि अनुसार औपचारिक तौर पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवगठित जिले की प्रथम जिला जज के यहां पहुंचने पर अधिवक्ताओं व स्टॉफ कर्मियों में अपार जोष व उत्साह नजर आया। जैसे ही प्रात: 10 बजे जिला जज कार्यभार ग्रहण करने के लिये न्यायालय परिसर पहुंची, उनका अधिवक्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर रेड कॉरपेट बिछाकर उन्हें अपने चैम्बर तक ले जाया गया। साथ ही पुलिस टुकड़ी द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। जिला जज का एडीजे प्रथम डॉ. राजेष कुमार, एडीजे चतुर्थ डॉ. सुरेष कुमार, सीजेएम डॉ. अजय कुमार बिष्नोई, एमजेएम पूजा धानिया व जिला अभिभाषक



संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर समेत अन्य ने न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिला जज शिवानी सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिला अभिभाषक संघ के सभागार में अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। स्वागत भाषण देते हुये संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने डीजे कोर्ट खोले जाने को लेकर कोटपूतली के अधिवक्ताओं द्वारा किये गये आन्दोलन पर विस्तार से प्रकाष डाला। साथ ही इसमें सहयोग करने पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व राजनैतिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारियों व आमजन का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कोटपूतली के अधिवक्ताओं की बड़ी जीत है। इस आन्दोलन के सार्थक परिणाम मिले जिसका प्रतिफल आज जिला जज के कार्यभार ग्रहण करने के रूप में साकार हुआ है। उन्होंने नवीन जिला जज का स्वागत करते हुये कहा कि अधिवक्तागण न्यायिक व्यवस्था के सुचारू संचालन में हरसम्भव सहयोग करेंगें। नवनियुक्त जिला जज षिवानी सिंह ने अधिवक्ताओं समेत न्यायिक अधिकारियों का अभूतपूर्व स्वागत करने पर आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बार व बैंच के आपसी सहयोग व समन्वय से कार्य करने पर ही न्यायपालिका की सार्थकता है। समाज में न्यायपालिका का एक विषिष्ट दर्जा है। जिसे कायम रखने के लिये हमें कर्मठ होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित को न्याय देने के लिये समयबद्ध व चरणबद्ध तरीके से कार्य करेंगें। साथ ही कोटपूतली में न्यायिक व्यवस्था को सुगम व सुलभ बनाया जायेगा। जिससे अधिवक्ताओं व पक्षकारों को कोई परेषानी ना हो। इससे पूर्व तालियों की गड़गड़ाहट के साथ षिवानी सिंह ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। प्रथम दिन उन्होंने कई मामलों की सुनवाई की।

# पड़ोसी ने किया विवाहिता से दुष्कर्म, बदनाम करने की धमकी दे पति को भेजा अश्लील वीडियो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मोती डूंगरी थाना इलाके में पड़ोसी ने विवाहिता से दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीड़ियों बना कर उसे ब्लैकमेल किया। आरोपी ने दबाव बनाने के लिए विवाहिता का वीड़ियों उसके पति को वाट्स एप्प पर भेज दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने अपने पति के साथ थाने पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बयानों के आधार पर आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।थानाधिकारी अजयकांत रतूड़ी ने बताया कि जवाहर नगर इलाके में रहने वाली 38 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज कराया है कि आरोपी पड़ोस में ही रहता था जिसके कारण उसके बातचीत होती रहती थी। करीब 6 महीने पहले परिवार वाले खाटू श्याम जी मंदिर में दर्शनों के लिए गए हुए थे। तभी रात करीब 11 बजे आरोपी शराब के नशे में आया और चाय पिलाने के लिए कहा। पीड़िता चाय बनाने के लिए रसोई में गई तो आरोपी युवक ने गेट बंद कर लिया और रसोई में जाकर उसके साथ छेड़छाड की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने बदनाम करने की धमकी देकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीड़ियों बना लिया। आरोपी वीड़ियों वायरल करने की धमकी देकर आए दिन उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। रोज-रोज धमकी देकर आरोपी उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। विरोध करने पर आरोपी अश्लील वीड़ियों उसके पति को भेज दिया। पति के पूछताछ करने पर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने पति को दी। गुस्साए पति ने पीड़िता को थाने ले जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बयानों के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति "ब श्रेणी" देवली (टोंक-राज.)**

क्रमांक :- प.()कृ.उ.म.स.-देवली/लेखा/2025-26/16496155 दिनांक :- 11/07/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Providing Food Plate under Kisan Kaleva Yojana (With Canteen Tender) are invited from interested bidders up to 03.00 PM dated 23.07.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state; and departmental website.

**http://agriculture.rajasthan.gov.in/mandi. UBN : DAM2526SLOB00480**

Raj.Samwad/C/25/6130 Administrator Secretary

# फैशन के मंच पर राजस्थान का टैलेंट होगा रिप्रेजेंट, 1000 में से 30 पार्टिसिपेंट्स फिनाले के लिए हुए सेलेक्ट

## क्वीन ऑफ राजस्थान 2025 सीजन 4 की टॉप 30 फाइनलिस्ट अनाउंसमेंट के साथ हुई सैश सेरेमनी ,महीने के अंत में होगा ग्रैंड फिनाले का आयोजन, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा मिलेगी सात दिन की ग्रुमिंग




बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजधानी जयपुर में सोमवार को कल्याण एंड सस प्रोडक्शन हाउस की ओर से आयोजित किए जा रहे स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट क्वीन ऑफ राजस्थान 2025 सीजन 4 की फाइनलिस्ट मॉडल्स की सैश सेरेमनी अजमेर रोड स्थित होटल रीगल बाय रिदम में की गई। इस एक्टिविटी की शुरुआत टॉप 30 फाइनलिस्ट मॉडल्स की घोषणा के साथ हुई।

आयोजक मोनू वर्मा ने बताया कि इस प्रेजेंट के लिए पूरे राजस्थान से 1000 से अधिक गर्ल्स ने रजिस्ट्रेशन किया था, जिसमें अलग अलग चरणों से होते हुए 30 मॉडल्स ने ग्रैंड फिनाले के लिए अपनी जगह पक्की की। इस प्रेजेंट का ग्रैंड फिनाले इसी महीने के अंत में गुलाबी नगरी जयपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अलग अलग फैशन सीक्वेंस में डिजाइनर ड्रेसेज में रैंप वॉक कर टॉप फाइनलिस्ट मॉडल्स अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती हुई नजर आएंगी। फिनाले के लिए सिलेक्ट हुईं टॉप 30 फाइनलिस्ट मॉडल्स को इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा सात दिन की ग्रूमिंग दी जाएगी, जिसमें ग्रूमिंग, वॉकिंग, कम्युनिकेशन, स्टाइलिंग इत्यादि की ट्रेनिंग दी जाएगी।

इस सैश सेरेमनी के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व डीजीपी राजस्थान पुलिस रवि प्रकाश मेहरड़ा, होटल सफारी के एमडी पवन गोयल, श्री राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत, मिसेज क्वीन ऑफ इंडिया 2024 अनीता यादव, बीजेपी लीडर राजीव शर्मा, अजय सिंह राठौड़ और अशोक कुमार उपस्थित रहे।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधीक्षक एवं सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी,**

मनोचिकित्सा केन्द्र,जयपुर, गोविन्द मार्ग, जनता कोलोनी,जयपुर

क्रमांक:प.5 ( )/क्र.शा/माचि/केन्टीन/2025-26/1607 दिनांक: 04/07/2025

**-:खुली निविदा सूचना 2025-26:-**

इस चिकित्सालय में केन्टीन व्यवस्था हेतु अनुमानित 5.00 लाख रुपये तक की सेवायें उपलब्ध करवाने हेतु अधिकृत/पंजीकृत फर्मों से मोहर बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पूर्ण रुप से भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 18-7-2025 को प्रात: 11:00 बजे तक इस कार्यालय में जमा करवाये जा सकते हैं, अधिक जानकारी इस कार्यालय तथा राज्य लोक उपापन की वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

**DIPR/C/9518/2025**

**अधीक्षक**
**मनोचिकित्सा केन्द्र, जयपुर**

**OFFICE OF THE ADDITIONAL CHIEF ENGINEER, PHED, REGION AJMER**

PHONE NO.0145-2524748 Email-aceregionajmer@gmail.com

No.F.()/Ar.MP/2025-26/722-7253 Dated_ 4/7/2025

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Bids for AUGMENTATION OF Regional water supply scheme for all village of gram panchayat BHASOO, DABARDOOM-BA, MOONDIYA, KALA,BHANWATA,LACMIPURA, Dhakran UNDER DIVISION MALPURA, DISTRICT TONK including 05 years O&M after 01year Defeet Liabilit period under CM BUDGET ANNOUNCEMENT 2025-26 (NIT No.08/2025-26: Estimated Cost Rs. 1733,02 Lacs) are invited from interested bidders up to 30.07.2025 other particulars of the Bid May be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state

UBN No. PHE2526W20B04380
NIB NO. PHE2526A2164

**Ramchandra Rar**
**Additional Chief Engineer**
**PHED Region Ajmer**

## सम्पादकीय

# देश और समाज के लिए तन, मन, धन समर्पित करने की मिसाल हैं सी. सदानंदन मास्टर

हम आपको बता दें कि केरल के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास में जिन व्यक्तित्वों ने जनता के बीच संगठन, चेतना और संघर्ष की लौ जगाई, उनमें सी. सदानंदन मास्टर का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है।

पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भारतीय जनता पार्टी के नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। इन चार नामों में से आपके लिए सी. सदानंदन मास्टर का नाम भले जाना-पहचाना नहीं हो लेकिन उनके सामाजिक कार्य उनकी पहचान हैं। साथ ही उनका जीवन अन्याय के आगे नहीं झुकने की भावना का प्रतीक भी है। वामपंथी हिंसा और धमकी के आगे नहीं झुक कर राष्ट्र के विकास के प्रति अपने जज्बे को बरकरार रखने वाले सी. सदानंदन मास्टर पूरे देश के लिए बड़ी प्रेरणा हैं।

हम आपको बता दें कि केरल के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास में जिन व्यक्तित्वों ने जनता के बीच संगठन, चेतना और संघर्ष की लौ जगाई, उनमें सी. सदानंदन मास्टर का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। वे केवल एक शिक्षक नहीं हैं, बल्कि जीवनपर्यंत एक ऐसे संगठक, विचारक और मार्गदर्शक रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े संगठनों के माध्यम से केरल में राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूती दी। उनका जीवन संघर्ष, तपस्या और आदर्शों के लिए समर्पित था, और आज भी वे केरल के राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।

सी. सदानंदन मास्टर का जन्म केरल के कन्नूर जिले के एक साधारण परिवार में हुआ। बाल्यकाल से ही वे अत्यंत संयमी, मेहनती और अनुशासनप्रिय थे। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि प्रारंभ से ही गहरी थी। उन्होंने शिक्षक के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत की और बहुत जल्द गांव-समाज में एक आदर्श गुरु के रूप में प्रसिद्ध हो गए। सदानंदन मास्टर का जीवन तब मोड़ लेता है, जब वे युवावस्था में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आते हैं। संघ के %एकात्म मानववाद%, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और भारतीयता के विचार ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। शिक्षक के दायित्व के साथ-साथ वे धीरे-धीरे संगठनात्मक कार्यों में भी सक्रिय हो गए। उनका घर और स्कूल ही संघ की गतिविधियों का केंद्र बन गया था। वे विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा को प्राथमिकता देते थे।

हम आपको बता दें कि केरल के कन्नूर और आसपास के क्षेत्र वामपंथी राजनीतिक हिंसा के लिए कुख्यात रहे हैं। 1994 में सी. सदानंदन मास्टर पर एक क्रूर और अमानवीय हमला हुआ। मार्क्सवादी विचारधारा से जुड़े हिंसक कार्यकर्ताओं ने उनके दोनों पैर काट डाले थे। यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विचारधारा, शिक्षा और संगठन के प्रति समर्पण पर हमला था। लेकिन सदानंदन मास्टर ने इस हिंसा के आगे कभी घुटने नहीं टेके।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 15 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1240 स्वीडिश-नोवगोरोडियन वॉर्स-ए नोवगोरोडियन सेना ने अलेक्जेंडरनेवस्की के नेतृत्व में वर्तमान रूस के उस्त-इज़ोरा के पास नेवा नदी पर स्वेड्स को हराया।
- 1410 पोलैंड के साम्राज्य और लिथुआनिया के ग्रैंड डची ने पोलिश-लिथुआनियाई-ट्यूटनिक युद्ध की निर्णायक सगाई ग्रुनवल्ड की लड़ाई में ट्यूटनिक शूरवीरों के मठवासी राज्य को हराया।
- 1795 'मार्सिलेस फ्रांस का राष्ट्रगान बना।
- 1795 'ला मारसेइलेसी' को फ्रांस का राष्ट्रीय गान घोषित किया गया।
- 1799 फ्रांसीसी सैनिकों ने मिस्र के बंदरगाह शहर राशिद के पास फोर्ट जुलिएन में रोसेटा स्टोन को खोल दिया।
- 1799 फ्रांसीसी सैनिकों ने मिस्र के बंदरगाह शहर राशिद के पास फोर्ट जुलिएन में रोसेटा स्टोन को खोल दिया।
- 1806 पाइक अभियान, एलबिसियाना क्षेत्र का पता लगाने के लिए जेबुलोन पाइक के नेतृत्व में सेंट लुइस, मिसौरी के पास शुरू हुआ।
- 1815 एक बोर्ड एचएमएस बेलेरोफ़न , नेपोलियन ने टॉरियन नेवी के कप्तान फ्रेडरिक लेविस मैटलैंड को अंततः नेपोलियन युद्धों को समाप्त करने के लिए आत्मसमर्पण कर दिया।
- 1815 एनबोर्ड ।।स्र्स् बेलरोफ़न, नेपोलियन ने नेपोलियन युद्धों को समाप्त करने के लिए रॉयल नेवी के कप्तान फ्रेडरिक लुईस मैटलैंड के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।
- 1864 अमेरिका में कैदियों से भरी हुई एक यात्री ट्रेन एक कोयला ट्रेन से टकरा गयी जिससे उसमें सवार 955 में से 65 लोग मारे गये और 109 घायल हो गये।
- 1867 सैन फ्रांसिस्को मर्चेंट एक्सचेंज खोला गया।
- 1870 रूपर्ट्स लैंड और कनाडा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र हडसन की बे कंपनी के हस्तांतरण के बाद मैनिटोबा और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र स्थापित किए गए थे।
- 1904 अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहला बौद्ध मंदिर बना।
- 1910 कार्लोस यूगेनिओ रेस्ट्रेपो को कोलंबिया का राष्ट्रपति चुना गया।
- 1910 एमिल क्रेपलिन ने एलॉइस अल्जाइमर के नाम पर अल्जाइमर बीमारी का नाम दिया।
- 1910 अपनी पुस्तक क्लिनिकल साइकियाट्री में एमिल क्रैपेलिन ने अपने सहकर्मी अलोइस अल्जाइमर के नाम पर इसका नामकरण करते हुए इसेअल्जाइमर रोग बताया।
- 1916 दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग शुरू हुई।
- 1916 विलियम बोइंग ने पेसिफिक एयरो प्रोडक्ट्स कंपनी को शामिल किया, जिसे बाद में बोइंग नाम दिया गया।
- 1918 मार्ने की दूसरी लड़ाई- युद्ध एक जर्मन हमले के साथ नदी मार्ने के पास शुरू हुआ।
- 1923 इटली की संसद ने नया संविधान स्वीकार किया।
- 1923 इतालियन संसद नया संविधान स्वीकार करता किया।
- 1940 शिकागो में 1940 लोकतांत्रिक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- 1948 अमेरिका के राष्ट्रपति हैरी एस ट्रूमैन दूसरे कार्यकाल के लिए निर्वाचित हुए।

विशेष आलेख

# फाइलों में लटकी तबादला नीतिः शिक्षक टकटकी लगाए बैठा है

**शिक्षक वर्ग इस भ्रम और अपारदर्शिता से मानसिक थकावट का शिकार हो चुका है। हर विद्यालय में इसी एक मुद्दे पर बातचीत होती है - कोई ट्रांसफर की फाइल बनवा रहा है, कोई सीसीएल फॉर्म भरवा रहा है, कोई रिजल्ट आने की प्रतीक्षा में है, और कोई अपने संपर्कों से जानकारी जुटाने की कोशिश में है। एक प्रकार का मानसिक खिंचाव और अस्थिरता है जो शिक्षकों के काम को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में यह सोचने योग्य है कि जिस व्यवस्था पर भविष्य की पीढ़ी टिकी है।**



डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा के शिक्षक एक बार फिर से असमंजस, अफवाहों और अधूरी सूचनाओं के बीच फंसे हुए हैं। स्कूलों में रोज़ सुबह की शुरुआत चाय और स्टाफरूम की बातचीत से होती है - ट्रांसफर कब होंगे? इस प्रश्न का उत्तर किसी के पास नहीं, पर अनुमान सबके पास है। कोई कहता है अगस्त में, कोई कहता है कैबिनेट के बाद, कोई मानता है अब तो सत्र बीच में आ चुका है, इसलिए विभाग कुछ नहीं करेगा। सब कुछ ठहरा हुआ, धुंधला और अधर में लटका हुआ प्रतीत होता है।

मॉडल संस्कृति विद्यालयों और प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में शिक्षक तैनाती हेतु जो परीक्षा हुई थी, उसके परिणाम बनकर तैयार हैं। लेकिन घोषणा इसलिए नहीं हो रही क्योंकि सामान्य तबादला नीति 2025 को अभी तक कैबिनेट की स्वीकृति नहीं मिली है। यहां यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या परीक्षा करवाने से पहले यह सुनिश्चित नहीं किया गया था कि नीति बन चुकी है या उसके अनुमोदन की समयसीमा क्या होगी? यदि परीक्षा का परिणाम नीति पर टिका है, तो उसे पहले क्यों लिया गया? यह एक प्रशासनिक चूक है या राजनीतिक विलंब?

परिणाम न घोषित करने का तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वे सीलबंद लिफाफों में रखे गए हैं जिन्हें किसी ने नहीं देखा, ताकि कोई हस्तक्षेप संभव न हो। यह सीलबंद ईमानदारी की परंपरा एक ओर दिखाती है कि विभाग पारदर्शिता का ढोंग कर रहा है और दूसरी ओर यह भी स्पष्ट करता है कि परिणामों के साथ कुछ न कुछ संभावित 'खेल' से विभाग खुद भी डरता है।

इस स्थिति को और अधिक हास्यास्पद बनाती है विभाग की दोहरी प्रवृत्ति - जब वह एसएमसी जैसी संरचना बनाकर एक महीने में ही भंग कर देता है। यही विभाग है जो दिसंबर से तबादले करवाने की बात कर रहा है और जुलाई तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया। हर सप्ताह एक नया आदेश आता है और अगले सप्ताह कोई दूसरा अधिकारी उसे रद्द करा देता है। इससे यह साफ हो जाता है कि विभाग में समन्वय का सर्वथा अभाव है। हर कोई अपने स्तर पर फैसला लेने को तत्पर है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था को दिशा देने वाला कोई नहीं।

शिक्षक वर्ग इस भ्रम और अपारदर्शिता से मानसिक थकावट का शिकार हो चुका है। हर विद्यालय में इसी एक मुद्दे पर बातचीत होती है - कोई ट्रांसफर की फाइल बनवा रहा है, कोई सीसीएल फॉर्म भरवा रहा है, कोई रिजल्ट आने की प्रतीक्षा में है, और कोई अपने संपर्कों से जानकारी जुटाने की कोशिश में है। एक प्रकार का मानसिक खिंचाव और अस्थिरता है जो शिक्षकों के काम को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में यह सोचने योग्य है कि जिस व्यवस्था पर भविष्य की पीढ़ी टिकी है, वह खुद अस्थिर और भ्रामक हो गई है।

इसके पीछे प्रशासन की निर्णयहीनता तो है ही, साथ ही यह राजनीतिक प्राथमिकताओं की भी उपेक्षा है। चुनावों, घोषणाओं, और दिखावटी योजनाओं में सरकारें व्यस्त हैं लेकिन शिक्षक तबादला नीति जैसी बुनियादी जरूरतों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। जब शिक्षक मानसिक रूप से अस्थिर रहेंगे, तो बच्चों की पढ़ाई कैसे स्थिर रह पाएगी? हरियाणा के कई जिलों में एक ही शिक्षक दो-दो स्कूलों में पढ़ा रहा है, कुछ स्कूलों में विषय विशेषज्ञ ही नहीं हैं, और दूसरी ओर जिनका तबादला होना चाहिए, वे वर्षों से एक ही स्थान पर टिके हैं।

मैनजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम को आधार बनाकर ऑनलाइन तबादला प्रणाली की बात की गई थी। पर नीति न बनने के कारण यह सिस्टम भी अपडेट नहीं हो पा रहा। तकनीक का नाम लेकर प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने का दावा तो किया गया, लेकिन जब तक नीति नहीं आती, तब तक सब कुछ एक क्लिक से दूर है। यह एक ऐसा डिजिटल सपना है जो अभी तक साकार नहीं हुआ।

शिक्षकों का प्रमोशन हुआ, कई स्थान रिक्त हो गए। अब सवाल यह है कि क्या ट्रांसफर प्रमोशन के बाद होंगे? अगर हां, तो फिर कितने और प्रमोशन लंबित हैं? इन सवालों का कोई जवाब विभागीय वेबसाइट पर नहीं है, केवल शिक्षक संगठनों के व्हाट्सएप ग्रुप में अफवाहें हैं। यही नहीं, विभाग के ही एक अधिकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक अगस्त में प्रस्तावित है। इसका मतलब है कि नीति अगस्त के अंतिम सप्ताह तक आएगी, तब तक तो सत्र का मध्य आ जाएगा। और फिर यही तर्क दिया जाएगा कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए तबादले अगले सत्र तक स्थगित किए जाएं।

यह चक्र हर साल दोहराया जाता है। नीति नहीं बनती, फिर कहा जाता है सत्र बीच में है। शिक्षक अपनी योजना नहीं बना पाते। न वे छ्ष्टरु ले सकते हैं, न मानसिक रूप से तैयार हो सकते हैं कि उन्हें स्थानांतरण मिलेगा या नहीं। विभाग एक गंभीर संकट में है - जहाँ फाइलें चल रही हैं पर निर्णय नहीं।

इस असमंजस का सबसे बड़ा नुकसान विद्यार्थी झेलते हैं। जब कोई शिक्षक दो साल से ट्रांसफर की प्रतीक्षा में है, तो उसका ध्यान स्वाभाविक रूप से पढ़ाई से हटता है। कई शिक्षक ऐसे हैं जो घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर कार्यरत हैं और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के कारण मन से अशांत हैं। क्या यही मानसिकता लेकर वे बच्चों को शिक्षा दे पाएंगे?

# क्या भारत-चीन नहीं चाहते कि तुर्की ब्रिक्स का स्थाई सदस्य बने!



रामस्वरूप रावतसरे

**तुर्की ने पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए आधिकारिक रूप से आवेदन किया था। हालाँकि, उस समय उसे केवल 'पार्टनर देश' का दर्जा दिया गया था। इसे सदस्य बनने की दिशा में पहला कदम माना जाता है। उम्मीद की जा रही थी कि 2025 की शिखर बैठक में तुर्की को पूर्ण सदस्य का दर्जा प्राप्त हो जाएगा। लेकिन इस आवेदन पर कोई बड़ा फैसला नहीं लिया गया और उसकी हैसियत बस पार्टनर देश तक ही सीमित रखी गई।**

**बताया जा रहा है इस बार की बैठक में जहाँ आंतकवाद समेत तमाम मुद्दों पर बात हुई, वहीं तुर्की की सदस्यता पर फैसला नहीं हो पाया।**

विश्व की बड़ी अर्थव्यस्थाओं के समूह ब्रिक्स की 2025 की शिखर बैठक 6-7 जुलाई को ब्राजील के रियो डी जनेरियो शहर में आयोजित हुई। इसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ नए शामिल हुए सदस्य देशों ने भी हिस्सा लिया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस बैठक में शामिल हुए।

बताया जा रहा है इस बार की बैठक में जहाँ आंतकवाद समेत तमाम मुद्दों पर बात हुई, वहीं तुर्की की सदस्यता पर फैसला नहीं हो पाया। तुर्की ने पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए आधिकारिक रूप से आवेदन किया था। हालाँकि, उस समय उसे केवल 'पार्टनर देश' का दर्जा दिया गया था। इसे सदस्य बनने की दिशा में पहला कदम माना जाता है। उम्मीद की जा रही थी कि 2025 की शिखर बैठक में तुर्की को पूर्ण सदस्य का दर्जा प्राप्त हो जाएगा। लेकिन इस आवेदन पर कोई बड़ा फैसला नहीं लिया गया और उसकी हैसियत बस पार्टनर देश तक ही सीमित रखी गई। इसका मतलब है कि तुर्की को अभी और इंतजार करना होगा। हालाँकि, इस बार तुर्की की सदस्यता पर चर्चा हुई है।

जानकारी के अनुसार तुर्की को ब्रिक्स सदस्य बनाने के पक्ष में वर्तमान में भारत और चीन नहीं है। दोनों देशों की आपत्तियाँ अलग-अलग हैं। चीन तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता का विरोध इसलिए कर रहा है क्योंकि उसके आपसी रिश्तों में कुछ मतभेद मौजूद हैं। ब्रिक्स का विस्तार धीरे-धीरे हो रहा है, और नए सदस्य जोड़ने से पहले सभी मौजूदा सदस्य देशों की सहमति जरूरी होती है। चीन और भारत ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य हैं। यदि वह सहमत नहीं होते तो तुर्की को कभी भी इसकी सदस्यता नहीं मिल सकती।

भारत और तुर्की के रिश्ते हालिया सालों में कोई विशेष अच्छे नहीं रहे हैं। भारत, तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता का विरोध इसीलिए कर रहा है क्योंकि वह लगातार पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा रहा है। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने खुले तौर पर पाकिस्तान का समर्थन किया था। तुर्की ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भी नहीं की थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी मंत्री शाहबाज शरीफ और आर्दोआन की मुलाक़ात भी हुई थी, जहाँ दोनों ने एक दूसरे के लिए काफी मीठी मीठी बातें की थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी तुर्की ने पाकिस्तान को मजबूत किया था। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ जो ड्रोन इस्तेमाल किए थे, वह तुर्की के ही थे। इसने भारत के लिए सुरक्षा खतरे भी खड़े किए थे। इसके अलावा कश्मीर मुद्दे पर भी तुर्की हमेशा पाकिस्तान के ही पक्ष में खड़ा रहा है। राष्ट्रपति एर्दोआन ने कई बार भारत के खिलाफ बयान दिए हैं।

भारत ने न केवल तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता का विरोध किया है, बल्कि देश में तुर्की कंपनियों के खिलाफसख्त कदम भी उठाए हैं, जैसे एयरपोर्ट सेवाएं देने वाली तुर्की की कंपनी के सुरक्षा मंजूरी को रद्द कर दिया।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



राशि डोगरा डूडी( आईपीएस )
डीसीपी जयपुर शहर ( उत्तर )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं डीसीपी जयपुर शहर (उत्तर) आईपीएस राशि डोगरा डूडी वर्ष 2012 बैच की आईपीएस अफ़सर राशि डोगरा डूडी जोधपुर की बहू हैं। वे जयपुर में डीसीपी नॉर्थ के पद पर तैनात हैं। जयपुर शहर का परकोटा क्षेत्र हीरे जवाहरात की सबसे बड़ी मंडी है। देश विदेश से सीधा कारोबार परकोटे क्षेत्र से जुड़ा है। यहां लूट, ठगी और चोरी की बड़ी वारदातें कई बार हो चुकी हैं। डीसीपी राशि डोगरा ने पिछले कुछ महीनों से अपराधों पर लगाम कस रखी है। इस जिले में बड़ी आबादी मुस्लिम समुदाय की भी है, लेकिन डूडी सबके साथ समन्वय रखते हुए काम कर रही हैं। राशि डोगरा डूडी इससे पहले विजिलेंस में एसपी रह चुकी हैं। वे बाड़मेर, हनुमानगढ, जोधपुर और सीआईडी सीबी में भी एसपी रह चुकी हैं। 15 अक्टूबर सन 1984 को सम्बलपुर में जन्मी पीजीडीएसएम शिक्षा लेकर भारतीय पुलिस सेवा में आई और आज पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर (उत्तर) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर जैसे बडे पद को सुशोभित कर रही हैं। इससे पूर्व ये पुलिस अधीक्षक डूंगरपुर रही। पुलिस अधीक्षक, जीआरपी जोधपुर। पुलिस अधीक्षक, हनुमानगढ़। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी एसएसबी जोधपुर। पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर। कमाण्डेन्ट, 10वी बटालियन आरएसी बीकानेर। पुलिस अधीक्षक, सतर्कता जयपुर। वृत्ताधिकारी, श्रीगंगानगर शहर रही हैं। शानदार अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। अपनी टीम का हौसला बढ़ाना व अपराधियों में भय कायम रखने के साथ आमजन में विश्वास बनाए रखना इनके व्यक्तित्व में शामिल है। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# अल्पमत सरकार को बहुमत में बदलने का हुनर रखते थे भजनलाल

03 जून को हरियाणा के सीएम रहे चौधरी भजनलाल का निधन हो गया था। उनको हरदिल अजीज राजनेता माना जाता था। इसके अलावा वह पूरे भारत की राजनीति का चाणक्य भी कहा जाता था।

हरियाणा के सबसे लंबी अवधि करीब 11 साल और 9 महीने तक सीएम रहने का रिकॉर्ड बनाने वाले चौधरी भजनलाल का 03 जून को निधन हो गया था। बता दें कि चौधरी भजन लाल हरदिल अजीज राजनेता माने जाते थे। वह सिर्फ हरियाणा के ही नहीं बल्कि पूरे भारत की राजनीति के चाणक्य कहे जाते थे। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर चौधरी भजनलाल के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

पाकिस्तान के बहावलपुर के गांव कोड़ावाली में 06 अक्तूबर 1930 को चौधरी भजनलाल का जन्म हुआ था। वहीं भारत के बंटवारे के बाद उनका परिवार बतौर शरणार्थी हिसार आकर बस गया था। उस दौरान उनकी आयु 17 साल थी। युवावस्था में ही भजनलाल ने जिला हिसार में मंडी आदमपुर को अपना कार्यस्थल बनाया। भजनलाल ने आदमपुर के छोटे से गांव से अपने जीवन का संघर्ष शुरू किया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सामाजिक और राजनीतिक पहचान बनाई थी।

राजनीतिक सफर

साल 1960 में भजनलाल आदमपुर के पंच चुने गए थे। वहीं साल 1961 में जिल परिषद के हिसार ब्लाक-द्धद्ध में निर्वाचित हुए। वहीं साल 1968 में पहली बार उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर आदमपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। इसके बाद उन्होंने साल 1968, 1972, 1977, 1982, 1991, 1996, 2000, 2005 और 2008 में लगातार 9 बार आदमपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री

इसके बाद साल 1970 से लेकर 1975 तक चौधरी भजन लाल हरियाणा की बंसीलाल सरकार में कृषि मंत्री बनाए गए। फिर साल 1978 में वह देवीलाल सरकार में सहकारिता मंत्री बनाए गए। फिर उन्होंने 28 जून 1979 को सीएम पद की शपथ ली। इसके बाद वह 23 मई 1982 से 04 जून 1986 तक सीएम पद पर रहे। फिर 21 अक्तूबर 1986 को भजनलाल को पहला केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री बने। इसके बाद साल 1988 में वह कृषि मंत्री पद पर सुशोभित हुए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

### वृष

माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

### मिथुन

हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

### कर्क

आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

### सिंह

स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

### कन्या

संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। इसका खास ध्यान रखें।

### तुला

आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### वृश्चिक

बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

### धनु

आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा।

### मकर

पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

### कुंभ

अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

### मीन

मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

# शिक्षा नीति में बुनियादी बदलाव : बच्चे अब पाठ्यक्रम में पढ़ेंगे रणथंभौर की शानदार कहानी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक शिक्षा में कई बुनियादी बदलाव किए गए हैं। इसके तहत इस सत्र से कक्षा 1 से 5 तक का पाठ्यक्रम का नया स्वरूप सामने आया है। इसमें बच्चों के समग्र बौद्धिक, सामाजिक एवं भाषाई विकास को ध्यान में रखते हुए स्थानीयता और प्रासंगिकता को केंद्रित कर स्थान दिया गया है।




## विजिट टू सेंचुरी

शिक्षक गजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि कक्षा 4 की अंग्रेजी पुस्तक में ए विजिट टू सेंचुरी नामक पाठ के माध्यम से बच्चों को रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान की यात्रा पर ले जाया गया है। इस पाठ में जंगल सफारी, जोगी महल, टाइगर, सांभर, नीलगाय जैसे जीव-जंतुओं का चित्रात्मक और संवादात्मक उल्लेख किया गया है, जिससे बच्चों को पर्यावरणीय चेतना अनुभव के स्तर पर मिल सके।

## जोड़े गए ये नए विषय

पहले पाठ्यक्रमों में 'इग्लू' और 'टुंड्रा' जैसे दूरस्थ अवधारणाएं शामिल थीं। अब उनकी जगह 'बास्योड़ा की थाली', 'रामदेवरा यात्रा', 'अमृता देवी बिश्नोई' और 'हारो प्रदेश, हारो मान' जैसे स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक विषयों को सम्मिलित किया गया है। शिक्षा विभाग ने विषयवस्तु को कक्षा अनुसार इस प्रकार संरचित किया है कि जैसे-जैसे छात्र ऊंची कक्षाओं की ओर बढ़ते हैं, उन्हें राजस्थान की गौरवगाथाएं, लोक कथाएं, संयुक्त परिवार की संस्कृति, वीर दुर्गादास राठौड़ जैसे नायकों और चंद्रयान जैसे वैज्ञानिक विषयों से परिचित कराया जा सके। अब पुस्तकों में ही गतिविधियां जोड़ दी गई हैं, जिससे बच्चों को अलग से वर्कबुक की आवश्यकता नहीं रहेगी।

## सामाजिक एवं भाषाई विकास के लिए पहल

नई पुस्तकों में अब टॉम और अल्बर्ट जैसे पात्रों की जगह भाग्यश्री, कविता, सरिता जैसे नाम शामिल किए गए हैं। यह परिवर्तन बच्चों को पाठों से भावनात्मक रूप से जोड़ने और भाषा को अधिक आत्मीय रूप से समझने की दिशा में एक प्रयास है। कक्षा 3 की अंग्रेजी पुस्तक में राजस्थान की पारंपरिक मिठाइयां घेवर, फीणी, जलेबी, बेसन चक्की और व्यंजन दाल-बाटी-चूरमा जैसे परिचित संदर्भ दिए गए हैं। इसके साथ ही मक्का, बाजरा, गेहूं जैसी प्रमुख फसलों के चित्र अंग्रेजी नामों सहित शामिल किए गए हैं, ताकि बच्चे अपने अनुभवों को अंग्रेजी से जोड़ सकें। माखन लाल चतुर्वेदी की सुप्रसिद्ध रचना पुष्प की अभिलाषा को अब बच्चे अंग्रेजी में 'ए लॉवर ''स विश' में पढ़ेंगे।

## इनका कहना है

**राजस्थान सरकार और शिक्षा विभाग की यह पहल केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि सोचने की दिशा को बदलने वाला कदम है। यह शिक्षा को जीवन से जोड़ने, मातृभूमि से जोड़े रखने और वैश्विक भाषा अंग्रेजी को भी स्थानीय रंगों में ढालने की अनूठी शुरुआत है।**

*-दिनेश गुप्ता, अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सवाईमाधोपुर*

# हर-हर महादेव व ओम नमः शिवाय के जयकारों से गुंजायमान हो उठे शिवालय

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सावण मास के पहले सोमवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शिवालयों में धूमधाम से सहस्त्रघट का आयोजन हुआ। जिसके दौरान श्रद्धालुओं ने मंत्रोचारण के साथ हर-हर महादेव व ओम नमः शिवाय के जयकारों के साथ भगवान शिवजी का जलाभिषेक किया। मंत्रोचार व भगवान शिव के जयकारों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। सोमवार को सुबह से ही इन्द्रदेव ने भगवान शिव का दिनभर जलाभिषेक किया। इस दौरान झिलाय रोड पर स्थित कृषि मण्डी में श्रीलक्ष्मीनारायण जी के मन्दिर, श्याम मंदिर सहित सभी शिवालयों में भगवान शिव का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर धर्म जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में आचार्य पूर्णानन्द महाराज के सानिध्य में मंदिर के शिवालय में दोपहर 1 से 5 बजे तक सहस्त्रघट का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कृषि उपज मंडी में स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण जी के मन्दिर पण्डित कैलाशचन्द शर्मा के सानिध्य में मंत्रोचारण के साथ सहस्त्रघट किया गया। सहस्त्रघट के आयोजन को लेकर शिव पंचायत, भगवान लक्ष्मीनारायणजी एवं हनुमानजी की आकर्षक झांकी सजाई गई एवं कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन करके भगवान शिवजी के जलशाभिषेक किया। इस दौरान कई विद्ववान पण्डितों द्वारा मंत्रोचरण के साथ कई अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दौरान महाआरती करके प्रसादी वितरित की गई। इसी प्रकार मायला कुंड स्थित शिवालय, श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर, हनुमान नगर स्थित अभयदाता हनुमान मंदिर, विश्व शांति परमहंस आश्रम, दादूदयाल आश्रम, कुंज बिहारी आश्रम, काला-गौरा भेरूजी महाराज आश्रम, श्रृंगी ऋषि आश्रम, रेलवे स्टेशन स्थित रामभरोसे आश्रम, शिवाजी कॉलोनी के टीलेश्वर महादेव मंदिर, रक्तांचल पर्वत पर स्थित किलेश्वर महादेव मंदिर व जमात में स्थित श्री मंशापूर्ण मंदिर के श्री शशिशंकर महादेवजी मंदिर में विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत सहस्त्र घट व जलधारा सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।



# एसडीएम थप्पड़कांड के आरोपी नरेश मीणा जेल से आए बाहर : 8 महीने जेल में रहे, समरावता गांव पहुंचे; बोले कि यह एहसान कभी नहीं भूलूंगा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा उपचुनाव 2024 में समरावता को देवली ब्लॉक से हटाकर उनियारा जोड़ने की मांग को लेकर मतदान बहिस्कार करने वाले ग्रामीणों से जबरदस्ती वोट डलवाले पर एसडीएम को थपड जड़ने और आगजनी के मामले में टोंक ज़िलें की देवली उनियारा सीट निर्दलीय विधायक प्रत्याशी नरेश मीणा आठ महीने बाद पहली बार जेल से बाहर निकले। इस दौरान उनके चेहरे पर जेल से रिहा होने की खुशी और प्रश्नसको से मिलकर प्यार बाटते नजर आये। नरेश मीना जेल से बाहर बंद कार में सवार होकर निकले। इस दौरान उनके समर्थकों का स्वागत करने के लिए काफी उत्सुकता देखने को मिली। नरेश ने कार में बैठे-बैठे ही प्रेम और स्नेह को स्वीकार करते नजर आये, इसके बाद नरेश समरावता गांव में ग्रामीणों के जलाये गए घर, मकान और नुकसान के बारे जानकारी ली, मीडिया के किसी भी सवाल का नरेश ने जवाब नहीं दिया बल्कि माननीय न्यायालय की पालना का हवाला दिया। बता दें कि नरेश मीना की गत शुक्रवार को उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका स्वीकार कर ली थी, लेकिन उसके अगले दिन शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण नरेश की रिहाई की प्रक्रिया बाधित हो रही थी। इस दौरान सोमवार सुबह टोंक कोर्ट में एडवोकेट फतेह राम मीणा एडवोकेट सलीम सूरी टोंक ने नरेश के जमानत बांड भरने केनबाद क़ानूनी प्रक्रिया अपनाई गईं। इसके बाद दोपहर 3 बजे नरेश टोंक जेल से रिहा हुए। इस बीच मीडिया के लोगों ने उनसे बातचीत करने का प्रयास किया। मीडिया के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। इस दौरान नरेश का देवली उनियारा के लोगों स्वागत किया एवं समरावता पहुंचकर लोगों से मिले।

## सोशल मिडिया पर वायरल..

जमानत के बाद नरेश ने सोशल मीडिया पर सत्यमेव जयते लिखा, इससे पहले नरेश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा था कि सत्यमेव जयते, आज डिफेंस कोर्ट ने मुझे 240 दिन की जेल में रहने की सजा दे दी है। नरेश 14 नवंबर को गिरफ्तार करने के बाद निवाई रनिंग कोर्ट में जरिये वीसी पेश कर जेल भेज दिया था जिन्हे 14जुलाई को शाम 3. 30बजे रिहा हुए, इसके बाद सीधे समरावता गांव पहुँचे लोगों से मिलकर देवधाम जोधपुरिया निवाई दर्शन कर सुबह खाटू श्याम बाबा के लिए रवाना होंगे।

# टीबी का समूल नाश करना ही हमारी प्राथमिकता : डॉ. शैलेन्द्र चौधरी

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** राजकीय उप जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ वर्तमान स्वास्थ्य अभियानों की स्थिति पर गहनता से चर्चा की गई। डॉ. शैलेन्द्र चौधरी ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान में चल रहे एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान को 21 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि संभावित टीबी रोगियों के स्पुटम सैंपल को उप जिला चिकित्सालय निवाई की ट्रू-नेट लैब में जांच हेतु तत्काल भिजवाएं। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कड़ी है और इसमें सभी मेडिकल स्टाफ की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तभी बढ़ेगी जब हम समयबद्ध, योजनाबद्ध और समर्पित भाव से कार्य करेंगे। टीबी का समूल नाश हमारी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान बैठक में गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में एएनसी रजिस्ट्रेशन करने, टीटी की पहली व दूसरी डोज सुनिश्चित करने, यू-वीन पोर्टल पर टीकाकरण सत्रों की समय पर फीडिंग एवं इवनिंग रिपोर्टिंग करने, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु एमएलओ टेमिफॉस व पाइरेथ्रम का छिड़काव करवाने, 6 से 5 वर्ष तक के बच्चों को एनीमिया नियंत्रण के तहत आयरन सिरप देने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जितेन्द्र शर्मा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अभिमन्यु दासवानी व बीसीएमओ डॉ. पवन हाथीवाल ने भी विचार व्यक्त

# गोपालन समिति की त्रैमासिक बैठक : गौशालाओं के सुदृढ़ संचालन हेतु दिए गए महत्त्वपूर्ण निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में गोसेवा और गोसंरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए गोपालन समिति की त्रैमासिक बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में गौशालाओं की वर्तमान स्थिति, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, संचालन संबंधी समस्याएं एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीएम शर्मा ने कहा कि गौशालाओं के दीर्घकालिक संचालन के लिए आवश्यक भूमि का आवंटन प्राथमिकता से किया जाए। चारागाह भूमि के सीमांकन एवं अतिक्रमण की रोकथाम हेतु संबंधित राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण मुक्त चारागाह भूमि सुनिश्चित कर गोवंश के लिए सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था की जाए। गौशालाओं में बिजली, पानी व ट्यूबवेल जैसी मूलभूत सुविधाओं की अनिवार्य उपलब्धता पर बल देते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को इन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि जिले में विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को चिन्हित कर नियमानुसार गौशालाओं में स्थानांतरित किया जाए। साथ ही, गौशालाओं में निःशुल्क पशु चिकित्सा सेवाएं निरंतर उपलब्ध रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में वर्तमान में गौशालाएं नहीं हैं, वहां गोसेवा के इच्छुक व्यक्तियों को प्रेरित कर नई गौशाला पंजीयन की प्रक्रिया आरंभ करवाई जाए। बैठक में जिले की 18 पात्र गौषालाओं को वर्ष 2024-25 के द्वितीय चरण के 150 दिवस हेतु 3 करोड़ 46 लाख 79 हजार 700 रूपये सहायता राषि एवं अंधे व अपाहिज गौवंष हेतु 3 माह की अतिरिक्त सहायता राषि 1 लाख 24 हजार 620 रूपये का जिला गोपालन समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर क्षेत्र की सड़कों पर निराश्रित पशु नजर न आएं, इसके लिए समीपवर्ती ब्लॉकों की गौशालाओं में ऐसे पशुओं को स्थानांतरित किया जाए और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में विभिन्न गौशालाओं की समस्याओं, आवश्यकताओं और संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी विभागों से समन्वित प्रयास कर गोसेवा को समाजहित में एक नैतिक और संवेदनशील दायित्व के रूप में निभाने का आह्वान किया। बैठक में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग, लेखा अधिकारी कुलदीप मीना, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह एवं कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक राकेश कुमार अटल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बजरी के अवैध खनन एवं भंडारण के विरूद्ध खनिज विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी : सहायक अभियंता

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** जिले में खनिज बजरी के अवैध खनन एवं भंडारण के विरूद्ध जिला स्तर पर शिकायतें मिलने एवं जिला कलेक्टर के निर्देश पर बजरी के अवैध भंडारण के विरूद्ध खनन, राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 1 से 13 जुलाई 2025 तक तक सघन अभियान चलाया गया। सहायक अभियंता सोहन लाल सुथार ने बताया कि टोंक तहसील टोक की ग्राम चिरोंज, मंडावर व भांची ग्राम में सरकारी, चारागाह भूमि एवं खातेदारी भूमियों में पड़े खनिज बजरी के अवैध स्टॉक को जब्त कर कब्जे में लिया गया। सहायक अभियंता ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम चिरोज में चारागाह एवं सिवाय चक भूमि से 2100 मैट्रिक टन, ग्राम भांची में चारागाह एवं खातेदारी भूमि से 1200 एवं ग्राम मंडावर में चारागाह व सिवाय चक भूमि से 1600 मैट्रिक टन खनिज बजरी जब्त की गई। उन्होंने बताया कि जब्त बजरी को संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को निगरानी में दी गई एवं ग्राम चिरोंज से जब्त बजरी को मोटूका स्थित चौक पोस्ट पर सुपुर्दगी में दी गई। इस तरह कुल 4900 मैट्रिक टन खनिज बजरी इन 13 दिवसों में जब्त की जा चुकी है। सहायक अभियंता ने बताया कि वर्तमान में बारिश के कारण रास्तों में पानी भरा होने के कारण खातेदारी भूमियों में पड़ी बजरी को जब्त किया जाना शेष है। रास्ता सुगम होने पर खातेदारी भूमि में स्थित बजरी को जब्त कर खातेदारों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। सोहन लाल सुथार ने बताया कि जब्तशुदा बजरी को शीघ्र ही नीलाम किया जाकर निस्तारण करने की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि जिले में बजरी के अवैध खनन, निर्गमन एवं भंडारण के विरूद्ध विभाग की लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# खलीलाबाद मौजा से घुश्मेश्वर महादेव शिवाड़ मंदिर के लिए रवाना हुई पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** गांव खलीलाबाद मौजा से घुश्मेश्वर महादेव शिवाड़ मंदिर के लिए तीसरी पदयात्रा सोमवार को ध्वज पूजन के साथ रवाना हुई। पदयात्रा संघ के आत्माराम व सुरेश कुमार बैरवा ने बताया कि सुबह 9 बजे प्रमुख समाजसेवी छोटूलाल बैरवा व रतनलाल बैरवा ने ध्वज पूजन करके पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा में हर हर महादेव के जय घोष के साथ पदयात्री चल रहे थे। पदयात्री भजनों पर मंत्र मुक्त होकर नाचते गाते हुए जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पदयात्रा का जुलूस रेलवे स्टेशन, शिवसिंहपुरा, मेहताबपुरा होते हुए शाम को घुश्मेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। जहां पद यात्रियों ने ध्वजा चढ़ाकर भगवान महादेव के दर्शन करके खुशाहाली की मनोकामना की। पदयात्रा में कमलेश, बुद्धि प्रकाश, सुरेश, किशन, आत्माराम, सुनील व गणेश सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, आरोपी के पास से दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिर तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस आरोपी से अन्य वाहन चोरी की वारदात खुलने की संभावना जताते हुए गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि 13 जुलाई 2025 को परिवादी धर्मेंद्र सैनी ने खुद की मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर सादा वर्दी में रहकर तकनीकी सहायता व मुखबिर की सूचना पर छानबीन कर शातिर वाहन चोर जाहिद मंसूरी (25) पुत्र यासीन मंसुरी को चिन्हित कर उसे गिर तार कर लिया। डूडी ने बताया कि गिर तार आरोपित के खिलाफ वर्ष 2019 में आर्म्स एक्ट का प्रकरण भी दर्ज है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस आरोपी से अन्य वाहन चोरी की

# पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण हो निस्तारण : कानाराम

## मूलभूत सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सीएम जनसुनवाई, त्रिस्तरीय जनसुनवाई, विकास कार्यों, सम्पर्क पोर्टल, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित मूलभूत सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने सीएम जनसुनवाई, त्रिस्तरीय जनसुनवाई, एमजेएमएस पोर्टल एवं सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों को प्राथमिकता से लेकर मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सात दिन के भीतर निस्तारण कर रिपोर्ट अवश्य प्रस्तुत करें। बैठक में उन्होंने विधायक कोष से स्वीकृत विकास कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश जिला परिषद, शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत लगाए गए पौधों की विभागवार जानकारी लेकर पौधारोपण पश्चात फोटोग्राफ्स हरियालो राजस्थान पोर्टल पर अपलोड करवाने के साथ-साथ पौधरोपण कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी प्रदान किए है। साथ ही उन्होंने शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से ब्लॉक स्तर पौधारोपण के लिए स्थानों का चयन कर विद्यार्थियों की सहभागिता से बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने और उन्हें सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणा की समीक्षा करते हुए भूमि आवंटन सहित अन्य लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने जिले को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए जिले में संचालित राजकीय लाईब्रेरियों की जानकारी प्राप्त कर वाईफाई युक्त डिजिटल लाईब्रेरी का निर्माण करवाने की बात कहीं। उन्होंने विद्युत विभाग को आईसीडीएस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता ने कलक्टर को जीएसएस के लिए भूमि आवंटिन के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी से मेडिकल संस्थाओं एवं स्वास्थ्य केन्द्रों के भूमि आवंटन प्रकरणों की जांच कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनवाने में आने वाली बाधाओं को दूर करते हुए सुगमता से यूडीआईडी बनवाने के निर्देश विकास अधिकारी एवं सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को दिए।



दैनिक बढ़ता राजस्थान

# सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में गूंजे बम बम भोले के जयकारे, मंदिरों में हुआ जलाभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** सावन के पहले सोमवार को राजगढ़ शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के शिव मंदिरों में अल सुबह 4 बजे से बम-बम भोले के जयकारों की गूंज रही। शिवालयों में शिवलिंग का विशेष श्रृंगार कर जलाभिषेक किया गया। सावन का पहला सोमवार होने के कारण मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा अर्चना कर दुग्धाभिषेक किया गया। मंदिरों के बाहर भगवान के चढ़ने वाले दूध, पत्ती सहित अन्य सामग्री की दुकानें भी लगी रहीं। कस्बे के चौपड़ बाजार, गोल सर्किल, कारोठ रोड़ सहित विभिन्न जगहों पर शिवालयों में भीड़ रही। कस्बे के माचाड़ी मार्ग स्थित स्वयंभू तीर्थंकर महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। दिनेश प्रधान ने बताया कि इस दौरान अखण्ड निरंतर रामचरित मानस पाठ होता तथा प्रतिदिन भगवान शिव की नित्य नई श्रृंगार झांकी सजाई जाएगी। लोगों ने शिवालयों में भगवान शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और नंदी पर बिल्व पत्र, धतूरा, आकड़ा, पुष्प सहित अन्य सामग्री चढ़ाकर विशेष पूजन किया। सावन मास के दौरान बालिकाओं व युवतियों ने अच्छे वर व घर की मंगलकामना से व्रत का संकल्प धारण किया। वहीं महिला वर्ग ने भी घर में सुख-शांति व समृद्धि के लिए व्रत शुरू किया। कस्बे के राजौरगढ़ में स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई।

# गरीब परिवार की सहायता के लिए आगे आई बी पॉजिटिव संस्था



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** उपखंड समीपवर्ती दुब्बी गांव में गत दिनों में केंसर से मौत हो गई। गाजीराम के परिवार को वरिष्ठ आईएएस राजकुमार यादव की पहले से संचालित बी पॉजिटिव संस्था की ओर से आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। संस्था के सदस्य हंसराज मीणा ने पीड़ित परिवार को घर जाकर 26 हजार का चैक प्रदान किया। इस अवसर पर हंसराज मीणा, बब्बू भगत, लोकेश मीणा, श्रीफुल बीएमसी सचिव, पूरणमल, छोटेलाल भगत, महेश, धोल्याराम पीड़ित परिवार के सदस्य आदि मौजूद रहे। यह जानकारी सर्व समाज हेल्प टीम के संयोजक प्रकाश भाबला दुब्बी के द्वारा दी गई।

# प्रोजेक्ट शक्ति के तहत स्कूलों में चलाया जाएगा माहवारी जागरूकता अभियान, किशोर स्वास्थ्य पर दिया जायेगा ध्यान

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** सच्ची सहेली संस्था अलवर जिले में प्रोजेक्ट शक्ति चला रहीं हैं। यह प्रोजेक्ट आरईसी लिमिटेड द्वारा फंड किया जा रहा है। जो एक सी एस आर इनिशिएटिव प्रोग्राम हैं। जो आरईसी लिमिटेड की मदद से पूरा किया जाएगा। जिला फील्ड कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ने बताया कि राजकीय विद्यालय में प्रोजेक्ट शक्ति के तहत कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियो को मासिक धर्म, स्वास्थ्य और स्वच्छता स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की जानी है। अलवर जिले के सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए मासिक धर्म और किशोर स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता सत्र आयोजित किये जायेंगे। सच्ची सहेली द्वारा 30 चयनित स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और किशोर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाएगा आरईसी लिमिटेड द्वारा समर्थित एक सीएसआर पहल के हिस्से के रूप में, सच्ची सहेली अलवर जिले में प्रोजेक्ट शक्ति शुरू कर रही है। इस पहल का उद्देश्य किशोरों जिसमें छात्र और शिक्षक दोनों शामिल हैं के बीच इंटरैक्टिव और आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और शिक्षा प्रदान करना है।

# सावन के प्रथम सोमवार पर शिव मन्दिर में हुआ जलाभिषेक

**अलवर ( का.स. )।** सावन के प्रथम सोमवार पर शिवालयों में भारी चहल पहल रही। इधर मानसरोवर स्थित मन्दिर में जलाभिषेक का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे वृन्दावन से आये पुरोहितों द्वारा पूरे मंत्रोचारण द्वारा पूरे विधि.विधान से जलाभिषेक का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया जलाभिषेक के पश्चात् भंडारे के आयोजन में सभी भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तगणों द्वारा भी विशेष पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्षगिरीश गुप्ता ने बतायाकि साधक सेवा समिति द्वारा मानसरोवर धाम मंदिर की स्थापना वर्ष 2011 में पहाडियों की तल्हेटी मेगंगोडी मोड माच का तिराहा अलवर में हुई थी। ब्रह्मलीन परमपूज्यनीय भक्ति सम्राट श्री शिवानन्द साधक जी महाराज के आशीर्वाद से उनके रहते इस विशाल मंदिर की स्थापना करवाई गयी थी अब उनके सुपुत्र पूज्यनीय श्री शिवम् जी महाराज के पावन सानिध्य में मंदिर में भक्तिमय वातावरण बना रहता है आश्रम में देसी गायो की गौ शाला भी स्थित है पूरे राजस्थान में एक मात्र अद्भुतेश्वर पंचमुखी महादेव जी महाराज के शिवालय (पंचेश्वर महादेव) की मूर्ति को देखने भक्तगणों का रेला सा लगा रहता है।

# कलक्टर ने ली जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**जल जीवन मिशन की रैंकिंग में एक माह में हुआ 6 स्थानों का सुधार**

**आगामी एक माह में जिले की रैंकिंग अग्रणी जिलों में रहे इसके लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करने के दिए निर्देश**

**रामगढ, लक्ष्मणगढ, गोविन्दगढ एवं खेडली कस्बे में शहरी जल आपूर्ति योजना के सुदृढीकरण कार्य को इसी माह चालू करने के दिए निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर विगत एक माह में जिले की रैंकिंग में हुए 6 स्थानों के सुधार पर संतुष्टि जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि आगामी एक माह में जलदाय विभाग के अधिकारी सामंजस्य रखते हुए जिले को अग्रणी रैंकिंग वाले जिलों में शामिल करावे तथा सभी लंबित कार्य एक माह में प्रारम्भ करना सुनिश्चित करावे। साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण किया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत घरेलू जल कनेक्शन करने का 76 फीसदी कार्य पूर्ण करने पर विभागीय अधिकारियों की सराहना करते हुए निर्देश दिये कि ब्लॉकवार प्रतिदिन के लक्ष्य निर्धारित कर शेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करावे। उन्होंने अलवर शहर में शहरी जल प्रदाय योजना के तहत स्वीकृत 69 में से 63 ट्यूबवेल चालू करने पर संतुष्टि जाहिर कर निर्देश दिये कि शेष रहे 6 ट्यूबवेलों को इसी माह में चालू करावे तथा नए स्वीकृत 25 ट्यूबवेल्स को सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर अधिकतम 2 माह में चालू कराने के निर्देश दिये। उन्होंने विगत एक माह में अलवर शहर में काटे गए 862 अवैध कनेक्शनों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देश दिये कि शेष रहे अवैध कनेक्शनों को भी काटने की कार्रवाई यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु में पाइपलाइन लीकेज आदि का विशेष ध्यान रखे। लीकेज की सूचना मिलते ही तुरन्त उसे दुरूस्त कराना सुनिश्चित करावे। जिला कलक्टर ने शहरी जल योजना सुदृढीकरण कार्य के तहत रामगढ, लक्ष्मणगढ, गोविन्दगढ व खेडली कस्बे में स्वीकृत सुदृढीकरण योजना का कार्य इसी माह में प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। जल जीवन मिशन में अपेक्षाकृत कम प्रगति पाए जाने



पर रामगढ, उमरैण एवं मालाखेडा ब्लॉक के सहायक अभियन्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता श्री भवानी सिंह शेखावत, अधीक्षण अभियन्ता श्री रमेश चन्द सैनी, अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर श्री दिनेश कुमार वर्मा, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता श्री सुधीर पाण्डे, सीडीईओ श्री महेश गुप्ता एवं समस्त अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता मौजूद रहे।

# खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एल्यूमनी एसोसिएशन द्वारा खेतान पॉलिटेक्निक कालेज परिसर में वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एलूमनी एसोसिएशन द्वारा रविवार को कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । अध्यक्ष श्री जी पी शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी संस्था द्वारा कई तरह के फलदार पौधे कॉलेज परिसर में लगाये गयें जिससे ग्रीन खेतान क्लीन खेतान का संकल्प साकार किया जा सकें । महासचिव व श्री दिनेश चंद सैनी ने बताया कि संस्था द्वारा आमए मौसमीए अंजीर ए मौलसरीए अमलतास के छायादार एवं फलदार 8 फीट बड़े पौधे एवं ट्री गार्ड लगाए गये। संस्था वर्ष 2016 से निरंतर वृक्षारोपण कर सैकड़ों पौधे लगा चुकी है। कार्यक्रम के संयोजकरूघा राम पंवार ने बताया कि पेड़ों की सुरक्षा एवं देखभाल हेतु छात्र छात्राओं को जिम्मेदारी दी गई है एवं वे स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य श्री ओ पी हरकूट, वर्तमान प्रधानाचार्य विनोद जांगिड, पूर्व व्याखाता के सी लवानिया, जी सी जैन, एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव कमिटी के सदस्य तथा अन्य सदस्य और उनके परिवार के सदस्य तथा छोटे बच्चे भी उपस्थित रहें । वृक्षारोपण के दौरान इंद्र देवता ने भी बारिश की बौछार से कार्यक्रम को अपना आशीर्वाद प्रदान किया ।भारत विकास परिषद राजस्थान उत्तर पूर्व प्रांत के अलवर जिले के शाखा दायित्वधारी सदस्यों की कार्यशाला अलवर शाखा द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला में अलवर, राजगढ़ तथा अरावली




शाखा के 35 दायित्ववान सदस्यों ने सहभागिता की।आयोजन शाखा अध्यक्ष सुरेश गोयल ने मंचासीन पदाधिकारियों का परिचय देते हुए सभी का स्वागत और अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता रीजन संयुक्त महासचिव डॉ.शिव दयाल मंगल ने अपने सम्बोधन में शाखाओं के पदाधिकारियों को दायित्वबोध कराते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में परिषद के योगदान को विस्तार देने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी ने अपने उत्तर पूर्व प्रांत की गतिविधियों के सफल संचालन के लिए सभी शाखाओं के सकारात्मक एवं सक्रिय सहयोग का आव्हान किया।

# मिस सुपर मॉडल फैशन शो 2025 की फर्स्ट रनरअप बनी मीत

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** केकड़ी की बेटी मीत मीणा मिस सुपर मॉडल फैशन शो 2025 की फर्स्ट रनरअप बनी,रविवार को शो के फिनाले जयपुर में सम्पन्न हुआ जहां मीत मीणा अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की मीत मीणा राजस्थानी गानों में भी काम कर चुकी हैएअपना नाम बना चुकी है मीत मीणा दो बहने है एअपने परिवार में सबसे बड़ी बेटी है उनकी माताजी संतरा देवी मीणा घर को संभालती हैए परिवार मध्यम वर्ग से आता हैए मीत मीणा स्कूल टाइम से ही अपना करियर मॉडलिंग और एक्टिंग में ही बनाना चाहती थी और धीरे धीरे अपना करियर आगे बना रही हैए इस शो के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की हैंए मीत मीणा को हरियाणवी गानों के भी ऑफर आ रहे है और वो जल्दी कुछ अच्छे गानों का हिस्सा बनेगी और ऐसे ही अपना करियर आगे बढ़ा रही है और अपने परिवार का नाम रोशन कर रही है लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की है।

# श्री महावर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न


बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** श्री महावर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी ने रविवार शाम अलवर के कुश मार्ग स्थित महावर भवन में शपथ ग्रहण की। दीप प्रज्वलन एवं ईश वंदना के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। वहींए मुख्य अतिथि महेंद्र गुप्ता ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर विगत कार्यकारिणीए निर्वाचन अधिकारी और मुकुंद गुप्ता का सम्मान हुआ। सचिव सतीश गुप्ता ने ट्रस्ट की आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि महेंद्र गुप्ताए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशवनी गुप्ता और ट्रस्ट अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता ने सभी को संबोधित किया। वहींए ट्रस्ट अध्यक्ष और सचिव ने कहा कि पूरी कार्यकारिणी ट्रस्ट के हित में हमेशा उत्कृष्ट कार्य की कोशिश करेगी। वहींए विगत वर्षों में महावर वैश्य समाज औद्योगिक और षिक्षा के क्षेत्र सहित न्यू स्टार्टअप में भी लगातार उन्नति कर रहा है। उन्होंने ऊपरी मंजिल रूफ टॉप बनवाने के लिए 11 लाख रुपए का सहयोग देने की घोषणा करने वाले देवेंद्र गुप्ता पेहलवालों का आभार भी जताया। गौरतलब है कि हाल ही श्री महावर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट के संचालक मंडल के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए थे। निर्वाचन अधिकारी हरिमोहन गुप्ता और सहायक निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता के निर्देशन में यह प्रक्रिया करवाई गई थी।

# बिना मात्रा को शहर अलवर (पार्ट-5)

बढ़ता राजस्थान

**खो** गुरू कैसो आनन्द आ रहयो है, अलवर की अनौखी यात्रा में. गुरू एक बात बतईयो कि जो मैं ख रहयो हूं बारह आणे सच है कि नाय? अब एक ओर नई खासियत सुन लो जरा हमारा बिना मात्रा का या शहर की. यहां हर आदमी ठाली है और मैने सुनो है कि ठाली दिमाग शैतान को घर, जब यहां आदमी ठाली हैं तो कुत्तान को काई। भाई ऐसो कोई मोहल्लों नाय जहां कुत्ता बाईक वालान के पीछे नाय भागें। दिन भर रेलमपेल चलती रहवे। यहां का कुत्ता इतरा फ्री है कि दिन भर खाबा कू कछु मिले नाय मिले पर भौकेंगा जरूर । कदी दिल्ली का कुत्तान कू भौकते देख्यो है कोई के पीछे, वहां इतनो कामधंधो है कि वहां का तो कुत्ता भी कोई के



पीछे नाय भौंके। वो सब जाने भौकबा से कुछ नाय होय, चुपचाप अपना मख्खन की तैयारी कर भौक-भौक के दुनिया कु मत जगा। हां एक ओर बात बताऊ या शहर की यहां एनिमल लवर के नाम से सिर्फ लव कुत्तान ते कियो जावे बाकि देख लो बैल की पीठ पे गर्म पानी या फिर कई बार तो तेजाब भी फैंक देवे हमारा तपोभूमि का भक्त। ये इतना प्यारा भक्त हैं कि केदारनाथ जाकर तो जय-जय नन्दी महाराज को नारों लगावे गो और यदि यहां नन्दी दिख जाए तो पीठ पे दो चार लठ्ठ धर ही देगो। यही हाल बंदरन को हुयो पड़ो है, पण्ड़ित जी ने ख दी कि बंदरन कू केला खिलाबा से राहु सही हो जाएगो, तो भाई 20 किलोमीटर दूर जार बंदरन कू केला खिला आऐंगा लेकिन वाही बंदर यहां घर के आसपास दिख जाए तो भाई पटाखा चलाके वाकू भगाऐंगा। गाय कचरा में मुँह मारे लेकिन कोई लेनो देनो नाय लेकिन कुत्तान कु रजाई में दुंबकाए रखेंगा। अच्छो एक बात ओर यदि कुत्तो दुसरान के घर के आगे गंदगी कर आएगों (सुबह वाली जैसी हम तुम करें) तो भाई ये घरेलू कुत्ता कब थाना पहुँचवा दे कुछ ख ही नाय सकें। अब या लव एनिमल लवर वालो हैं या डॉग लवर वालो या कह ही नाय सकूं। ..खैर बाकि पार्ट नम्बर 6 में.. **रूपक शर्मा**

# दशम दही हांडी महोत्सव आयोजन को लेकर आयोजित हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में अगस्त माह में होने वाला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी दही हांडी महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर महंत एडवोकेट पंडित मदन मोहन शास्त्री व पंडित रोहित शर्मा ने बताया कि 16 अगस्त को आयोजित होने वाला दशम दही हांडी महोत्सव की तैयारी को लेकर चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी दही हांडी महोत्सव समिति की एक बैठक आयोजित



हुई। समिति अध्यक्ष दीनदयाल मंडावरा ने बताया कि समिति के सभी सदस्यों ने जन्माष्टमी दही हांडी महोत्सव कार्यक्रम को सुचारू रूप से मनाने का निर्णय लिया। इसके लिए प्रशासन को लिखित पत्र के माध्यम से सूचित किया जाएगा। कोषाध्यक्ष हरिओम गुप्ता व उपाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि इस बार की दही हांडी महोत्सव को एक नया आकर्षक रूप देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कार्यक्रम को अच्छा और सुचारू रूप से कार्य करने के लिए जोर दिया जाएगा। जिसमें समिति अध्यक्ष दीनदयाल मंडावरा, उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा, सचिव विश्वास कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष हरिओम गुप्ता, व्यवस्थापक महंत पूर्ण दास, पंडित रोहित शर्मा, गायत्री देवी, सचिव मोनू सैनी तथा सदस्य परमानंद सैनी, मुकेश सैनी, यादराम सैनी, चिराग सैनी,हबलू सैनी, देव सोनी, पवन पटवा, गौरीशंकर शर्मा ,रामावतार सैनी आदि मौजूद रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग युवा सेवा दल ने वृक्षारोपण अभियान के साथ दिया सेवा और संस्कार का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आर्ट ऑफ लिविंग युवा सेवा दल ने निर्वाणवन फाउंडेशन के सहयोग से श्याम शा क्षेत्र में 2025 का बहुप्रतीक्षित वृक्षारोपण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया। अभियान के अंतर्गत 40 पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में ट्रैकिंग, सत्संग, ध्यान और वैदिक मंत्रोच्चारण जैसे आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ सामूहिक भोजन की भी व्यवस्था रही। 30 से अधिक युवाओं की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रतीक रही कि आज की युवा पीढ़ी पर्यावरण के प्रति सजग और समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का निर्देशन कम्युनिटी डायरेक्टर दिक्षांत लालवानी के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन और व्यवस्था में जतिन कोडवानी, छवि खन्ना, शौर्य गोयल और हिमांक शर्मा की विशेष भूमिका रही। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक जागरूकता का सुंदर संगम बनकर उभरा।

# पड़ोसी युवक ने किया महिला से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मोती डूंगरी थाना इलाके में पड़ोसी युवक ने एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित बदनाम करने की धमकी दी और साथ ही ब्लैकमेल कर पति को अश्लील वीडियो बनाकर भेज दी। इस संबंध में पीडिता ने थाने में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर की रहने वाली 38 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि पड़ोस में रहने के कारण आरोपित से बातचीत होती रहती थी। छह महीने पहले आरोपित के परिवार वाले खाटूश्यामजी दर्शन करने गए थे। इस दौरान रात आरोपित पड़ोसी ने गेट खट-खटाकर खुलवाया। गेट खोलने पर शराब के नशे में आरोपित पड़ोसी ने चाय पिलाने के लिए बोला। पड़ोसी होने के कारण बिना मना किए वह चाय बनाने रसोई में चली गई। आरोप है कि पीछे से आरोपित ने अकेला पाकर कमरा अंदर से बंद कर लिया। रसोई में जाकर छेड़छाड़ करने लगा। जबरदस्ती का विरोध करने पर आरोपित ने बदनाम करने की धमकी दी। इस दौरान आरोपित ने अपने मोबाइल में उसका अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर देह शोषण करने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने आरोपित की बात मानने से मना कर दिया। गुस्साए आरोपित ने मोबाइल में बनाए अश्लील वीडियो को उसके पति को भेज दिया। वीडियो देखकर पत्नी से पूछने पर उसने आरोपित पड़ोसी की करतूत के बारे में बताया।

# कोटा में तेज बहाव में बही स्कूटी सवार युवती, मौत : चंबल नदी में फंसे 7 लोग, 6 बह गए, 1 को बचाया, कौटिल्य नगर में नाव उतारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा में सोमवार को दूसरे दिन भी सुबह से रिमझिम बारिश को दौर जारी रहा। आसमान में काली घटा छाई हुई थी। शहर के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम केंद्र जयपुर ने अगले दो तीन दिन कोटा संभाग में बारिश होने की संभावना जताई है। कोटा में इस सीजन में अबतक 560 एमएम बारिश हो चुकी है। कोटा के बंधा धर्मपुरा में तेज बहाव में एक युवती स्कूटी सहित बह गई। इस हादसे में रेलवे कॉलोनी निवासी सौम्या की मौत हो गई। वहीं चंबल नदी में 7 लोग फंस गए थे। इनमें 1 व्यक्ति को एसडीआरएफ ने बचा लिया था। वहीं 6 बह गए थे। बारिश के पानी की आवक से रानपुर स्थित लखावा रेत्याचोकी का पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। इधर कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश होने से चंबल के बांधों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। इसके चलते बैराज के गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। नितेश कुमार वर्मा, सहायक अभियंता कोटा बैराज ने बताया कि पानी की आवक के चलते साढ़े 10 बजे 9 गेट खोले थे। जिन्हें साढ़े 11 बजे बढ़ाया गया है। अब 12 गेट खोले गए और 2 लाख 2 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। कोटा बैराज की भराव क्षमता 854 फीट है। वर्तमान में जलस्तर 853.10 फीट है। इधर सुबह हुई बारिश से नयापुरा स्थित राजकीय महाविद्यालय परिसर में पानी भर गया। कॉलेज में आने जाने वालों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। यहां अक्सर बारिश के बाद पानी भर जाता है। बरड़ा बस्ती में वन विभाग की दीवार टूटी, पानी के तेज बहाव से चार मकान क्षतिग्रस्त हुए। पार्षद कमलकांत शर्मा ने बताया कि वन विभाग की दीवार बनी होने से बरसाती पानी नाले में जाता था।






### कौटिल्य नगर देवली अरब रोड़ इलाके कॉलोनी में नाव उतारी गई

कौटिल्य नगर देवली अरब रोड़ इलाके में बसी कॉलोनी में पानी भर गया। यहां हर साल बारिश में पानी भरता है। कॉलोनी में पानी भरने से लोग घरों में कैद होकर रह जाते है। निगम की गोताखोर रेस्क्यू की टीम मौके पर पहुंची है। लोगों से समझाइश कर रही है। जिन लोगों को जरूरी काम से कही जाना हो, हॉस्पिटल जाना हो उनके लिए कॉलोनी में नाव उतारी गई है।

### हर साल बारिश में ऐसे ही हाल बनते

करण सिंह ने बताया हर साल बारिश के दिनों मे इसी तरीके की समस्या का सामना करना पड़ता है। सुभाष विहार में देवनारायण मंदिर के पास वाले हिस्से में 300 मकान है। इस इलाके में कर्णेश्वर,आलनिया व रानपुर इलाके से पानी आता है। पीछे पुष्पा विहार में भी ऐसी ही स्थिति है।पुलिस कॉलोनी महावीर नगर विस्तार योजना में जानी वाली सड़क पर पानी भर गया। नाला ओवर फ्लो होने से पुलिस कॉलोनी महावीर नगर विस्तार योजना में जानी वाली सड़क पर पानी भर गया। महावीर नगर थाने के पीछे स्थित इस कॉलोनी में पुलिसकर्मी परिवार सहित रहते है।

### जिला प्रशासन की अपील- घरों में रहें, सतर्क एवं सुरक्षित रहें

- कलेक्टर पीयूष समारिया ने बारिश व जलभराव को देखते हुए लोगों से अपील की है वे बांध के डूब क्षेत्र, नदियों के बहाव क्षेत्र एवं बरसाती नालों से दूर रहें।
- तेज बहाव की स्थिति में सड़क एवं पुलिया पार करने की कोशिश नहीं करें।
- बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति में निचले क्षेत्रों के लोग सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।
- मानसून के दौरान आमजन बिजली की लाईनों, तारों एवं ट्रांसफार्मर से दूर रहें ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित ना हो।

आमजन से अपील है कि वे जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## प्रोजेक्ट अशोक हरित अभियान के तहत लगाए 100 पौधे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( दामोदर सिंह )।** रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ एवं देवाशीष सिटी आवासीय कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में प्रोजेक्ट अशोक हरित एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत सो पौधे नेम प्लेट सहित लगाए गए। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री ने बताया कि प्रोजेक्ट अशोक हरित हमारा अनूठा और अभिनव प्रयास है इसके तहत कॉलोनी में पौधे लगाकर उस पौधे पर लगाने वाले का नाम अंकित किया जाता है। जिसकी देखभाल भी पौधे लगाने वाले को ही करनी होगी। यानी जब तक पौधा बड़ा नहीं होगा तब तक लगाने वाले की जिम्मेदारी रहेगी। अभियान को लेकर कॉलोनी वासियों में उत्साह बना हुआ है। उन्होंने बताया कि अभियान में कॉलोनी में रहने वाले सभी लोग हिस्सा ले रहे हैं और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में भी उत्साह से भाग ले रहे हैं। इससे स्थानीय निवासियों में पौधे लगाने के प्रति लगाव भी बढ़ रहा है। इस मौके पर कॉलोनी के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

## सावन का पहला सोमवार, शिव मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु:शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**करवर ( राकेश नामा )।** कस्बे सहित क्षेत्र में सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में हुई भगवान भोलेनाथ की आराधना। श्रावण माह के पहले सोमवार को करवर कस्बे में सभी शिव मंदिरों में अल सुबह से भक्तों का आना शुरू हुआ और हर किसी ने भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए। कस्बे में स्थित इंदरगढ़ रोड़ पर मंशापूर्ण महादेव मंदिर, निलकंठ महादेव मंदिर, सहित सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। हर कोई भगवान शिव की उपासना में रमा हुआ नजर आया। सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न अनुष्ठान, रुद्राभिषेक व पूजा अर्चना की गई।

## कैलाश मानसरोवर की मुक्ति हेतु सामूहिक संकल्प, कैलाश मान सरोवर की मुक्ति तक रहेगा जारी



### भारत-तिब्बत सहयोग मंच द्वारा श्रावण संकल्प अभियान की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा मे भारत-तिब्बत सहयोग मंच के तत्वावधान में नेहरू नगर स्थित श्री रंगेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सावन मास के प्रथम सोमवार को भगवान शिव के निवास कैलाश मानसरोवर को चीन के अवैध कब्जे से मुक्त कराने हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंच के चित्तौड़ प्रांत महामंत्री अरविंद सिसोदिया ने कहा कि अनादिकाल से कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का निवास स्थल है। चीन द्वारा इस पवित्र भूमि पर किया गया कब्जा अवैध, अनुचित और अस्वीकार्य है। इसे मुक्त कराना प्रत्येक सनातनी का नैतिक कर्तव्य है। मंच को पूर्ण विश्वास है कि वह शुभ दिन अवश्य आएगा, जब कैलाश मानसरोवर पुनः हमारे आधिपत्य में होगा। हम निर्बाध वहाँ आ जा सकेंगे।चीनी वस्तुओं के बहिष्कार का संकल्प। मंच ने इस अवसर पर चीनी वस्तुओं के बहिष्कार का भी आह्वान किया और कहा कि भगवान शिव के निवास स्थान पर अवैध कब्जा करने वाले देश चीन की वस्तुओं का बहिष्कार कर हम अपनी आस्था एवं राष्ट्रभक्ति के प्रति समर्थन का परिचय दें। इस कार्यक्रम में मंच के प्रांतीय महामंत्री अरविंद सिसोदिया सहित मंच के जिला पदाधिकारी नरेंद्र कुमार जादौन,अशोक माचल,पुरुषोत्तम दाधीच, हुकूमत सिंह झाला, ओम प्रकाश मेहरा, अमन थनवाल, योगेंद्रपाल सिंह भरत, निर्मल कुमार, एवं बड़ी संख्या में माताएं, बहनें और भक्तगण उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क बेग पाकर विधाथियो के खिले चेहरे



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( ( टी.आर सैनी )।** सोमवार को पी. एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सभागार भवन में व्यावसायिक शिक्षा के अनर्गत हेल्थ केयर और रिटेल ट्रेड में अध्यनरत कक्षा 9 एवं 10 में अध्यनरत109 छात्रों को नि:शुल्क स्कूल बेग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकार ओमप्रकाश बुनकर, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रहे। तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विभा गौतम ने की। व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी अब्दुल जावेद ने व्यावसायिक शिक्षा के लाभ एवं विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कार्य वाहक प्रधानाचार्य मंशा तेली, प्रकाश चंद धाकड़, मनोज कुमार सोयल, आशाराम गुर्जर, ललित कुमार जैन, रामेश्वर मीणा, शंकर लाल मीणा, रामसहाय मीणा, अंकित गौतम ,बृजेश गुर्जर,दुली चंद मीणा, रघुवीर मीणा, रघुवीर सैनी, मो. इमरान, सीताराम नामा, शमीम बानो सहित स्टॉफ उपस्थित रहे।

## कैलाश मानसरोवर की मुक्ति हेतु सामूहिक संकल्प लिया

### भारत-तिब्बत सहयोग मंच द्वारा श्रावण संकल्प अभियान की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान



**करवर ( राकेश नामा )।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच के तत्वावधान में नेहरू नगर स्थित श्री रंगेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सावन मास के प्रथम सोमवार को भगवान शिव के निवास कैलाश मानसरोवर को चीन के अवैध कब्जे से मुक्त कराने हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंच के चित्तौड़ प्रांत महामंत्री अरविंद सिसोदिया ने कहा कि अनादिकाल से कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का निवास स्थल है। चीन द्वारा इस पवित्र भूमि पर किया गया कब्जा अवैध,अनुचित और अस्वीकार्य है। इसे मुक्त कराना प्रत्येक सनातनी का नैतिक कर्तव्य है। मंच को पूर्ण विश्वास है कि वह शुभ दिन अवश्य आएगा, जब कैलाश मानसरोवर पुनः हमारे आधिपत्य में होगा। हम निर्बाध वहाँ आ जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मंच द्वारा सावन मास में श्रावण संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत भगवान शिव शंकर को समर्पित इस पावन मास में जनजागरण और सामाजिक चेतना जागृति का कार्य किया जाएगा। यह अभियान पूरे सावन मास भर चलेगा और विभिन्न स्थानों पर इस तरह के संकल्प कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मंदिर में उपस्थित भक्तजनों को मंच द्वारा निम्नलिखित संकल्प दिलाया गया कि मैं, सावन मास में भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करते हुए संकल्प लेता हूँ कि कैलाश मानसरोवर को चीन के अवैध कब्जे से मुक्त कराने हेतु यथाशक्ति प्रयास करूँगा। इस पवित्र कार्य में हर संभव सहयोग प्रदान करूँगा। भगवान शंकर मुझे इस संकल्प को पूर्ण करने की शक्ति प्रदान करें।

मंच ने इस अवसर पर चीनी वस्तुओं के बहिष्कार का भी आह्वान किया और कहा कि भगवान शिव के निवास स्थान पर अवैध कब्जा करने वाले देश चीन की वस्तुओं का बहिष्कार कर हम अपनी आस्था एवं राष्ट्रभक्ति के प्रति समर्थन का परिचय दें।

## हरियालो राजस्थान, जनसुनवाई समाधान व विभागीय समन्वय पर विशेष जोर

# लंबित प्रकरणों पर गोलमोल जवाब बर्दाश्त नहीं, कार्य की स्थिति स्पष्ट बताएं : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,( का.स. )।** जिले में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति, हरियालो राजस्थान के पौधरोपण लक्ष्य, मौसमी बीमारियों की रोकथाम व जनसुनवाई समाधान की समीक्षा को लेकर सोमवार को कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में अंतरविभागीय समन्वय एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में हर विभाग को उनके कार्यों की समीक्षा के साथ जवाबदेही तय करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अधिकारी गोलमोल जवाब देने से बचें और वास्तविक स्थिति स्पष्ट शब्दों में बताएं। लंबित प्रकरणों पर 'ऊपरी स्तर' जैसे उत्तर कतई स्वीकार नहीं होंगे। निदेशालय या शासन स्तर की समस्या है तो अधिकारी स्पष्ट रूप से बताएं और स्वयं के प्रयासों का भी ब्योरा प्रस्तुत करें।

### नगर निगम को फॉगिंग व एंटी लार्वा एक्टिविटी नियमित रखने के निर्देश

मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को विशेष निर्देश देते हुए कलक्टर ने कहा कि डेंगू, चिकनगुनिया जैसे रोगों की रोकथाम हेतु घनी आबादी वाले क्षेत्रों में फॉगिंग, एंटी लार्वा गतिविधियां नियमित कराई जाएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्य का फील्ड निरीक्षण कर फोटो एवं जीपीएस टैगिंग के साथ निगरानी हो और यह भी सुनिश्चित हो कि क्षेत्रवासियों को फॉगिंग क्षेत्र व समय की जानकारी हो ताकि प्रशासनिक प्रयासों की पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया कि फूड सैंपलिंग को सघन किया जाए ताकि खराब या मिलावटी खाद्य सामग्री बाजार में न पहुंचे।

### चिकित्सा व शिक्षा विभाग मिलकर कराएं स्वास्थ्य परीक्षण

कलक्टर ने निर्देश दिए कि शिक्षा एवं चिकित्सा विभाग आपसी समन्वय से बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की प्रभावी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों की स्क्रीनिंग, इलाज व उसकी साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही बच्चों की आंखों की जांच समेत अन्य जांचें कराने हेतु योजना तैयार कर क्रियान्वित की जाए।

### जर्जर विद्यालय भवनों में बच्चों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए

शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि जर्जर विद्यालय भवनों में बच्चों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए। अतिवृष्टि की स्थिति में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संस्था प्रधान को स्थानीय स्तर पर निर्णय लेकर विद्यालय संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही हर विद्यालय में बिजली एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर सिटी कृष्णा शुक्ला सहित जिले के समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कोटा हॉस्टल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा के हॉस्टल इलाकों में बिजली कट कि समस्या से अध्ययन कर रहे छात्रों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गर्मी और बरसात के मौसम में बार-बार होने वाली बिजली कटौती से जहां छात्रों को रहने में परेशानी आती है वही उनके अध्ययन समय रात को बिजली कटौती होने से छात्रों को दोहरी परेशानी होती है। ज्यादातर छात्र रात के समय पढ़ाई करते हैं ऐसे में बार-बार बिजली कटौती से लैंडमार्क क्षेत्र में कोचिंग कर रहे छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बे मौसम और बार-बार होने वाली बिजली कटौती से छात्रों का पूरा शेड्यूल और पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ रहा है वहीं स्थानीय व्यापारियों के साथ-साथ हॉस्टल संचालकों को भी काफी समस्या आ रही है। सोसायटी के अध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि अनावश्यक रूप से डीजल जनरेटर को चलना पड़ता है। जिससे पर्यावरण का तो नुकसान होता ही है लागत भी काफी आती है ऐसे में बिजली विभाग के व्यवस्थित संचालन हेतु सभी ने मिलकर आज ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को ज्ञापन दिया है। ऊर्जा मंत्री ने भी तत्काल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोचिंग क्षेत्र कोटा की ही नहीं बल्कि पूरे देश के छात्रों के लिए आदर्श वातावरण के रूप मे स्थापित हो चुका है। इसकी प्रतिष्ठा को खराब नहीं होने दिया जायेगा। कोटा हॉस्टल वेलफेयर सोसाइटी के यह सदस्य रहे मौजूद ऊर्जा मंत्री से भेंट करने वालो मे जितेंद्र विजयवर्गीय ,दिनेश गोस्वामी, भास्कर भाटिया, रोहित मीना, अरुण शर्मा, उमेश शर्मा, राहुल सैन, दीक्षित सिंह , चेतन गुर्जर शामील रहे।

## पोषण प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( ( टी.आर सैनी )।** सोमवार को ग्रांम पंचायत खानपुरा के ग्राम कोरमा में सर्व मंगल ग्रामीण विकास संस्थान एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आंगनवाड़ी केन्द्र पर पोषण प्रबंधन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में ग्रांम के परिवारों कि खाने कि आदतों के बारें में सामूहिक चर्चा कर सूची तैयार कि गयी, साथ ही अधिकाधिक परिवार कोनसा अनाज, दाले. सक्रियता से खाते है। साथ ही सप्ताह में कितने दिन, साथ ही ग्रामवासियों के पोषण के स्तर को समझा जा सके। ग्रांम में कौन कौन सी बीमारियों अधिक फैलती है। इस पर भी विचार कर चर्चा करने के लिए इनके महत्व कि जानकारी देने के साथ ही मोसम के अनुसार इन्हे अपने खेत में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे परिवार का संतुलित पोषण सुनिश्चित किया जा सके साथ ही अपने घर के आस पास पोषण वाटिका निर्माण कर ताजा एवं जहरमुक्त हरी सब्जियाँ प्राप्त करने एवं विभिन्न सब्जियों को लगाने के मौसम कि विस्तृत जानकारी दी। जागरुकता कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम की महिला ने भाग लिया।



## सोशल मीडिया से दूरी बनाएं अधिक से अधिक समय पढ़ाई में दें

### पुलिस कंट्रोल रूम नंबरों पर दे जानकारी, तुरंत मिलेगी सहायता, सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड न करें --ओम प्रकाश फौजदार एएसआई



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन जागृति चरण -3 तहत विधार्थियों में अपराधिक घटनाओं से जागरूक रहने हेतु थाना भुसावर के सहायक पुलिस उप निरीक्षक ओमप्रकाश फौजदार ने छात्र व छात्राओं को विभिन्न अपराधों जैसे पोक्सो,साईबर क्राईम, यातायात नियमों आदि की विस्तार से जानकारी दी तथा पुलिस कन्ट्रोल रूम के हैल्पलाईन नम्बर 9530,411,127, 9530411128, 9530411129 के बारे मे भी जानकारी दी । यदि छात्राओं अथवा महिला से छेड़छाड़ अथवा परेशान करता है तो 1090 पर डायल करें आपको तुरंत पुलिस सहायता मिलेगी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि शोशल मीडिया पर अपना फोटो पोस्ट नहीं करें। जितना हो सके शोशल मीडिया से दूरी बनाए और अपना कीमती समय पढ़ाई में लगायें। तथा साईबर क्राईम पर बोलते हुए कहा कि अपना खाता नंबर, पासवर्ड, व बैंक सम्बंधित जानकारी किसी के साथ शेयर न करें सुरिक्षत व सर्तक रहे। यातायात नियमों का पालन करें। शीट बेल्ट व हेल्मेट का प्रयोग करें। स्वयं अथवा अपने परिजनों को भी प्रेरित करें तथा दुर्धटना पीड़ित की हरसंभव मदद करें।

## कलश यात्रा के साथ संगीत में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। भुसावर के मुढ्यारा लालपुर सड़क मार्ग स्थित अति प्राचीनतम बनखंडी हनुमान मंदिर पर कलश यात्रा के साथ सोमवार 14 जुलाई 2025 से संगीत में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ विभिन्न परिधानों में महिलाएं भक्ति में गीतों के साथ कस्बे के मुख्य मार्ग एवं मुख्य बाजार से गुजरी। मार्ग में कस्बावासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की और श्रद्धालुओं को जलपान कराया।कथा प्रवक्ता सूर्यनारायण दास का स्थानीय लोगों ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। यात्रा में युवा और बच्चे भी ध्वज-पताका लेकर शामिल हुए। उनके देवी-देवताओं के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा शुभारंभ के अवसर पर सूर्य नारायण दास महाराज ने श्री शिव पुराण कथा का महत्व बताते हुए कहा कि शिवमहापुराण में भगवान शिव की महिमा का वर्णन है, जिसमें उनकी शक्ति, ज्ञान, और कल्याणकारी भावना का उल्लेख है। शिवमहापुराण में धार्मिक ज्ञान का वर्णन है, जो हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को समझने में मदद करता है। शिवमहापुराण में आध्यात्मिक विकास के लिए मार्गदर्शन है, जो भक्तों को आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की प्राप्ति में मदद करता है। शिवमहापुराण में पौराणिक कथाएं हैं, जो भगवान शिव के विभिन्न रूपों और उनकी लीलाओं का वर्णन करती हैं।

## सीवरेज ओवर फ्लो होने से परेशान हो रहे राठौर कॉलोनी के वाशिंदे

### सड़क पर जमा पानी एवं गंदगी से दुर्घटना की आशंका, लोग परेशान



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** बारिश के दिनों में शहर की अधिकांश सड़कों पर या तो गड्ढ़ों से लोग परेशान है या फिर जल भराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही कुछ शहर के ओंडेला रोड पर जिरौली मोड़ के पास ओंडेला से हाईवे की ओर आने वाली सड़क पर जलभराव एवं गंदगी होने से लोग एक साइड से होकर गुजर रहे है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हल्की बारिश होते ही सड़क पर पानी जमा हो जाने से हादसे का डर रहता है।सैंपऊ रोड स्थिति वार्ड संख्या 8 आनंद नगर कॉलोनी में पानी की टंकी के पास कूड़ा बिखरने से वर्षांत में सड़न पैदा होने से दुर्गंध फैल रही है। जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। नगर परिषद को कूड़े की सफाई के लिए कई बार बताए जाने के बाद भी गंदगी जस की तस पड़ी हुई है। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे पड़ी गंदगी को जल्द साफ कराए जाने की मांग की है।धौलपुर शहर में सीवरेज ओवर फ्लो की समस्या आम हो चुकी हे जिसे लेकर एक साल से लगातार लोग समस्या को लेकर नगर परिषद को शिकायतें करते आ रहे है लेकिन अब बारिश के बाद स्थिति और भी अधिक खराब हो जाने से लोगों को घरों से निकलना भी दूभर हो गया है। राठौर कॉलोनी जेईएन वाली गली में सीवरेज का चैंबर ओवर फ्लो होने से घरों के आगे गंदा पानी जमा होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बाड़ी में बामनी नदी की रपट पर बहा युवक, बारिश से शहर की गलियों में भरा पानी, उमरेह गांव का उपखंड मुख्यालय से कटा संपर्क

बढ़ता राजस्थान



बाड़ी (राजू शर्मा)। धौलपुर जिले के बाड़ी में रविवार देर शाम से बारिश का दौर जारी है। इस दौरान क्षेत्र में चार इंच बारिश दर्ज की गई है। जिससे शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। वहीं बारिश से क्षेत्र में बामणी नदी उफान पर है।

बामनी नदी के उफान के चलते पुलिया पर पानी बह रहा है। इस दौरान दो अलग-अलग जगहों पर हादसे हो गए। क्षेत्र के निधारा गांव में एक युवती पानी में बह गई। वहीं संतनगर से बाड़ी लौट रहा एक युवक भी रपट पर पैर फिसलने के पानी में बह गया।

पहला हादसा क्षेत्र के निधारा गांव में हुआ। यहां सोमवार दोपहर 12 बजे गांव के योगेंद्र गुर्जर की बेटी अंतेश गुर्जर (19) निधारा गांव की रपट को पार करने की कोशिश कर रही थी। इस दौरान पैर फिसलने और बहाव तेज होने के चलते वह बामनी नदी में बह गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर गांव वाले जमा हो गए और लड़की की तलाश शुरू की। वहीं सूचना के बाद तहसीलदार उत्तमचंद बंसल और धौलपुर से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

**घर लौट रहा युवक पानी में बहा**

वहीं दूसरा हादसा बाड़ी के पास उमरेह रोड पर बामनी नदी की रपट पर हुआ। बाड़ी के कसाईपाड़ा निवासी जाकिर लुहार (45) संतनगर आश्रम से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान पुलिया पार करने के दौरान उनका पैर गड्ढे में चला गया और वह नदी के बहाव में बह गए। सूचना के बाद यहां पहुंची एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है।

**प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे**

घटनाओं की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। एसडीएम भगवत शरण त्यागी, तहसीलदार उत्तम चंद बंसल, सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार मौजूद हैं। धौलपुर से बुलाई गई एसडीआरएफ की टीम दोनों की तलाश में जुटी है।

बामनी नदी में उफान के कारण संतनगर होकर उमरेह गांव जाने वाला मार्ग बंद कर दिया गया। गुहेरा नाले में तेज बहाव से लाहौरिया पुरा और बिजली घर का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया। आसपास की कई कॉलोनियों में पानी भर गया। घरों में पानी आने से लोगों को घरों से बाहर निकलने में परेशानी हो रही है।

अंदाना पैलेस के बगल में स्थित कालोनी के नागरिक राजकुमार शर्मा महावीर किलेदार, राहुल शर्मा और अन्य लोगों ने बताया कि उनके घरों में पानी भर गया है। ऐसे में बाहर निकलना मुश्किल है। जिसको लेकर प्रशासन से गुहार लगाई है।

**24 घंटे में बाड़ी में सर्वाधिक बारिश**

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विवेक अग्रवाल के अनुसार, बाड़ी उपखंड में सर्वाधिक 101 मिमी बारिश हुई। उर्मिला सागर में 85 मिमी, तालाबशाही में 86 मिमी, धौलपुर में 38 मिमी, बसेड़ी में 42 मिमी, सैपऊ में 18 मिमी, आंगई बांध पर 51 मिमी और राजाखेड़ा में 19 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**उपखड क सभा बाध ऑवरफ्लो**

लगातार बारिश से क्षेत्र के सभी बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। रामसागर बांध पर 16 इंच, उर्मिला सागर बांध पर 5 इंच, तालाब शाही पर 2 इंच, हुसैनपुर पर 12 इंच और आरटी बांध पर 14 इंच की चादर चल रही है।

**प्रशासन अलर्ट, जगह-जगह रखवाली**

भारी बारिश के बाद उपखण्ड प्रशासन अलर्ट मोड पर है। संत नगर की पुलिया पर पानी आने से उमरेह मार्ग बंद किया गया है। बांधों के ओवरफ्लो स्थलों पर राजस्व टीम और पुलिस तैनात की गई है।

# धौलपुर को सौगात... शहरी पीएचसी पुरानी ओपीडी में होगी संचालित, 10 हजार लोगों को मिलेगा फायदा

### सीएचसी में बदलने की करेंगे कोशिश- पीएमओ

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सरकार ने शहर के 10 हजार से अधिक लोगों की मांग पर शहर के बीचोंबीच बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को शहर की पुरानी ओपीडी में चलाया जाएगा। पीएमओ डॉ. विजय सिंह की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (जन स्वास्थ्य) निदेशक को जिला अस्पताल के अधीन संचालित जगदीश टॉकीज क्षेत्र में स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को शहर की पुरानी ओपीडी में शिफ्ट करने का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। जिसे निदेशालय ने स्वीकार्य कर हरी झंडी दिखा दी है।

गौरतलब है कि पुराने शहर की आबादी को छोटी छोटी चिकित्सीय सलाह व बीमारियों के उपचार के लिए बाड़ी रोड स्थित 4 किलोमीटर दूर नवनिर्मित जिला अस्पताल आना-जाना पड़ता था। इस भागदौड़ में मरीजों व तीमारदारों के समय की बर्बादी और जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। कभी कभी चिकित्सकों के अवकाश पर रहने या अन्य किसी कारणवश अस्पताल से नदारद रहने पर वापस घर लौटना पड़ जाता था। लोगों की इस

गंभीर समस्या को देखकर ही शहरी स्वास्थ्य केंद्र को पुरानी ओपीडी में शिफ्ट करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर निदेशालय भेजा गया था। जिसे निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह सौगात जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी और पीएमओ विजय सिंह के अथक प्रयासों का नतीजा है। जिसके बाद मरीजों को सामान्य रोगों के उपचार के लिए अब 4 किलोमीटर दूर नए अस्पताल तक दौड़ नही लगानी पड़ेगी।

शहर की पुरानी ओपीडी में जल्द संचालित होने जाने वाली जिला पीएचसी में एक मेडिकल अधिकारी, 4 नर्स की शुरुआत में तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। पीएचसी में फिलहाल सामान्य तौर पर होने वाले रोगों के उपचार के साथ वैक्सीनेशन की सुविधा मिलेगी। कार्यालय स्तर से उच्च अधिकारियों के सानिध्य में पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेडेशन कराने की कोशिश की जाएगी। एनजीओ से समन्वय कर पीएचसी पर चिकित्सकों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। सरकार की मंजूरी पर भविष्य में पीएचसी से सीएचसी बनने व अपग्रेडेशन होने के बाद स्वास्थ्य केंद्र में 30 से 40 बेड की सुविधा मिल सकेगी।

## खुले में नर्सरी की पौध तैयार करने से कीट एवं बीमारियां लगती है

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** युवाओं के लिए नर्सरी के क्षेत्र में रोजगार की काफी सम्भावनाऐं हैं, विशेषत: फल एवं सब्जियो के गुणवत्तापूर्ण एवं शुद्ध किस्म के पौधों की उपलब्धता काफी कम है। अच्छी किस्म की पौध से फल एवं सब्जियों का 15 से 20 प्रतिशत उत्पादन बढता है।



खुले में पौध तैयार करने से कीट एवं बीमारी लगने की सम्भावना ज्यादा रहती है, विशेषत: विषाणु रोग प्रभावित पौध से उत्पादन में 70 से 80 प्रतिशत तक उत्पादन में कमी देखी गयी है। यह कहना है कृषि **महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। डॉक्टर सिंह**

कृषि महाविद्यालय भुसावर पर ग्रामीण उद्यमिता कृषि विकास योजनान्तर्गत विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु एक सप्ताह के सघन प्रशिक्षण अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे डॉक्टर सिंह ने कहा कि किसान पौध क्यारी के बजाय प्लग ट्रे में तैयार करें तथा खुले में नर्सरी के बजाय एग्रोनेट में पौध तैयार करें। फलदार पौधो को बीज के बजाय कलम, ग्राफ्टिग अथवा वडिंग से तैयार करने चाहिए । वानस्पतिक प्रवर्द्धन से तैयार पौधे शुद्ध किस्म के होते हैं तथा कम उम्र में फल दना शुरू कर देते हैं ।

## फार्मर रजिस्ट्री से वंचित किसानो को फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु शिवरों का आयोजन आज से

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। पीएम किसान के एक्टिव लाभार्थी जो अभी तक फार्मर रजिस्ट्री से वंचित है उनकी रजिस्ट्री हेतु तहसील एवं आईएलआर लेवल पर महा जुलाई 2025 में 15 जुलाई से सेंचुरेशन का आयोजन किया जा रहा है भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा के अनुसार 15 एवं 16 जुलाई 2025 को तहसील मुख्यालय भुसावर पर पटवार मंडल ईटामडा, चैटोली, बारौली, सुहारी, दीवली एवं सैधली के किसानों को शिवरो में लाभ मिल सकेगा। 17 एवं 18 जुलाई 2025 को राजीव गांधी सेवा केंद्र पथैना पर पटवार मंडल पथैना, कमलापुर ,झरोटी एवं भेसिना के किसानों को लाभ मिलेगा। 21 एवं 22 जुलाई 2025को राजीव गांधी केंद्र छोकरवाड़ा पर पटवार मंडल छोकरवाड़ा नेवाडा, सलेमपुर खुर्द एवं भैसीना के किसानों को, 23 एवं 24 जुलाई को राजीव गांधी केंद्र बल्लभगढ़ पर बल्लभगढ़ मैनापुरा, गोगरा व घाटरी के किसानों को लाभ मिलेगा, 25 जुलाई 2025 को राजीव गांधी सेवा केंद्र अलीपुर पर अलीपुर, बवेखर एवं नारोली के किसान एवं 28 जुलाई से 29 जुलाई 2025 तक राजीव गांधी केंद्र निठार पर निठार रंधीरगढ़ माईदपुर, सलेमपुर कला पटवार मंडल के किसानों को लाभ मिलेगा।

उपखंड अधिकारी के अनुसार इसके साथ ही सभी पटवार मंडलों के पटवारी अपने-अपने क्षेत्र अधिकार में डोर टू डोर के माध्यम से किसानो की फार्मर आईडी बनाने का कार्य भी जारी रखेंगे।

### .विधायक दीप्ति माहेश्वरी के प्रयासों से क्षेत्र को निरंतर मिल रही सौगातें

## विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने पेयजल से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास

### सरकार हर वर्ग के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध, अधिकतम विकास हमारी प्राथमिकता - विधायक श्रीमती माहेश्वरी

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी के हाथों निरंतर राजसमंद विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों की सौगातें मिल कर आमजन को राहत मिल रही है। ग्राम वासोल (राजसमंद झील चादर स्थल के समीप) में डीएमएफटी मद से स्वीकृत जल परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी रहीं।इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ग्राम भाणा, लवाणा एवं भगवान्दा कलां में पेयजल संकट को दूर करने के उद्देश्य से दो खुले कुओं (ओपन वेल), एक उच्च जलाशय (ओवरहेड टैंक) एवं पाइपलाइन बिछाने के कार्यों का भूमि पूजन व शिलान्यास किया।योजना की अनुमानित लागत 1 करोड़ 20 लाख रुपए है, जिसके अंतर्गत ग्राम लवाणा में एक लाख लीटर क्षमता वाला उच्च जलाशय बनाया जाएगा, साथ ही ओपन वेल से जलाशय को जोड़ने हेतु 3120 मीटर लम्बी पाइपलाइन तथा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के सुधार हेतु अतिरिक्त 882 मीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी। यह योजना ग्राम भाणा, लवाणा, भगवान्दा कलां एवं वासोल जैसे क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट दूर करना उनकी प्राथमिकता है तथा वे विकास के हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर ग्राम लवाणा निवासी स्व. डाली बाई कुमावत (पत्नी श्री शंभूलाल कुमावत) की दुर्घटना में मृत्यु एवं ग्राम डुमखेडा (महासतियो की मादड़ी) निवासी स्व. सोसर बाई (पत्नी श्री सोहनलाल गुर्जर) की सामान्य मृत्यु पर त्वरित कार्यवाही करते हुए श्रम विभाग की योजना के अंतर्गत क्रमश: ?5 लाख एवं ?2 लाख की आर्थिक सहायता राशि के लाभार्थी पत्र परिजनों को सौंपे गए।शिलान्यास समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य ग्रामीण जन, मातृशक्ति, जनप्रतिनिधि, मण्डल पदाधिकारी, विभागीय अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का पांच दिवसीय राज्य स्तरीय ब्लॉक सचिव प्रशिक्षण शिविर कलडवास में शुरू

## 24 जिलों के ब्लॉक सचिव ले रहे हैं भाग ,सरस्वती नर्सिंग कॉलेज कलडवास में आज हुआ उद्घाटन समारोह

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य की अनुशंसा और प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के आदेशानुसार हिंदुस्तान स्काउट का राज्य स्तरीय ब्लॉक सचिव एवं बेज निरीक्षक का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज राज्य मुख्यालय के तत्वधान में उदयपुर के कलड़वास स्थित सरस्वती नर्सिंग कॉलेज में शुरू हुआ । शिविर में प्रदेश के 24 जिलो के ब्लॉक सचिव भाग ले रहे हैं। जिसमें शिक्षा विभाग के व्याख्याता , वरिष्ठ अध्यापक , शिक्षक शारीरिक शिक्षक एवं कंप्यूटर शिक्षक हैं जो सरकारी कार्मिक हैं जो हिंदुस्तान स्काउट के ब्लॉक सचिव का कार्य कर रहे हैं प्रशिक्षण मैं भाग लेने विभिन्न जिलों से आज उदयपुर शिवर स्थल पर पहुंचे। आज सोमवार को सांय 3.30 बजे आयोजित राज्य स्तरीय शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राज्य मुख्यालय की भवन निर्माण एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत थे । समारोह की अध्यक्षता हिंदुस्तान स्काउट के राज्य सचिव नरेंद्र औदिच्य ने की। विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती के उदयपुर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र सुराणा, चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के महासचिव प्रभुलाल डांगी , लघु



उद्योग भारती चित्तौड़ प्रांत के संयुक्त सचिव अभिजीत शर्मा, सदस्य अमित जैन एवं महासचिव नितिन मोटवानी, संभाग आयुक्त गोपाल मेहता मेनारिया थे। सरस्वती नर्सिंग कॉलेज के प्रबंध निदेशक एवं कलडवास चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गिरीश शर्मा का प्रशिक्षण शिविर हेतू महाविद्यालय भवन 5 दिनों तक निशुल्क प्रदान करने पर धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया।

हिंदुस्तान स्काउट गाइड के राज्य संगठन आयुक्त रिपुदमन गिल ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन स्वागत सत्र, पंजीकरण, सामान्य जानकारी , बसावट, सामग्री वितरण ,टोली गठन करते हुए शिविर के नियम एवं शिविर के उद्देश बताए गए। संभाग आयुक्त गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि शिविर में पाली, सिरोही, दोसा, अजमेर, नागौर , जैसलमेर ,करोली ,बांसवाड़ा ,भीलवाड़ा ,सीकर, कोटा ,जोधपुर ,जयपुर ,सवाई माधोपुर,उदयपुर ,राजसमंद ,भरतपुर, बीकानेर ,श्रीगंगानगर , डीग ,अलवर प्रतापगढ़ और टोंक जिले के ब्लॉक सचिव शिविर में प्रशिक्षण लेने पहुंचे हैं। मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह राणावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट संगठन नर सेवा-नारायण सेवा के भाव को ध्यान में रखकर समाज और देश सेवा के काम करते हुए बालक बालिकाओं में गुरुकुल पद्धति की विभिन्न विधाओं के माध्यम से उन्हें कर्मठ, निष्ठावान, आज्ञाकारी, अनुशासन प्रिय ,इमानदार और विषम परिस्थितियो व कम संसाधनों में जीवन यापन की कला सिखाता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे हर समय तन ,मन ,धन से ऐसे सेवाभावी संगठन की सेवा के लिए हरदम तत्पर रहेंगे।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर कपासन के प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

## शिवालयों पर अलसुबह से हर-हर महादेव के जयकारे गुंजायमान रहे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** देवो के देव महादेव की भक्ति एवं आराधना से ओत-प्रोत पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार को क्षेत्र के समस्त शिवालयों पर अलसुबह से ही पूजा-अर्चना एवं श्रृंगारित शिव जी के दर्शनार्थ भक्तों एवं श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। साथ ही शिव भक्तों द्वारा धार्मिक स्थलों पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हर हर महादेव के जयकारे गुंजायमान रहे।जिससे क्षेत्रभर में श्री शिवशंभू भोलेनाथ की भक्ति एवं आराधना का संचार चहुंओर व्याप्त रहा। उल्लेखनीय है कि भगवान देवों के देव महादेव की भक्ति एवं आराधना के पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार को नगर कपासन में स्थित प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर अलसुबह से शक्तिपति शिवजी की पूजा-अर्चना एवं दर्शनों हेतु महिला, बुजुर्ग, पुरुष, युवा बच्चे सभी वर्गों के भक्तों एवं श्रद्धालुओं की रेलमपेल शुरू हो गयी।यहां श्रद्धालुओं द्वारा कपासन के प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर अखंड ब्रह्मांड के राजा आदि अनादि श्री शिवशंभू को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक सहित फूल, माला, चंदन, बिल्व पत्र, इतर, अगरबत्ती, शहद, दही इत्यादि पूजन सामग्री अर्पित कर महादेव की महाआरती एवं आराधना की गयी। इस दौरान दिनभर भक्तों की रेलमपेल क्षेत्र के समस्त शिवालयों पर श्रद्धाभाव के साथ बनी रही।जिसमे हर पल शिवालयों पर हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, जय श्री त्रिकाल, जय श्री महाकाल, जय जय श्री सोमेश्वर महादेव के जयकारे गुंजायमान रहे। जिससे क्षेत्र में हर समय देवो के देव महादेव से ओत-प्रोत भक्ति का संचार



चहुंओर बना रहा। उक्त भक्तिभाव का संचार श्रद्धालुओं के मन को भाव-विभोर एवं प्रफुल्लित करता रहा। इधर विधानसभा क्षैत्र कपासन में स्थित मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में स्थित श्री मंगलेश्वर महादेव, श्री साण्डेश्वर महादेव ताणा, नगर कपासन स्थित श्री जलेश्वर महादेव, श्री सांवलिया महादेव, मोक्षधाम महादेव, नंदेश्वर महादेव, पीपलेश्वर महादेव आदि शिवालयों पर भी शिव जी के भक्तों एवं श्रद्धालुओं की रेलमपेल पूजा-अर्चना तथा महादेव के दर्शनों हेतु बनी रही।

## शिवाजी महाराज प्रतिमा के निर्माणाधीन कार्यों का विधायक ने अवलोकन किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर पालिका कपासन द्वारा स्थापित होने वाली शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल पर निर्माणाधीन कार्यों का क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा सोमवार को अवलोकन किया गया। भाजपा नगर मंडल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि नगर पालिका कपासन की ओर से वार्ड नंबर 16 में स्थित शिवाजी चौक पर करीब 45 लख रुपये की लागत से शिवाजी महाराज की सिंहासन रूढ़ प्रतिमा स्थापित की जायेगी।जिसको लेकर निर्माणाधीन कार्य प्रगति पर है।इस दौरान विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा भाजपा पदाधिकारीयो के साथ निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया।साथ ही गुणवत्ता युक्त कार्य संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिये गये। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर, मंडल उपाध्यक्ष गजेंद्र बाघमार, मंडल महामंत्री सोहन खटीक,अनुसूचित जाति मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,युवा मोर्चा अध्यक्ष कपासन विकास बारेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, आशीष सोनी,पार्षद गोपाल पुर्बीया, मनीष बारेगामा, गौरव दाधीच, रतन कचोलिया,प्रवीण कोठारी आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर विकास न्यास ने आवासीय योजना के फॉर्म जमा कराने की तारीख 15 जुलाई से बढ़ाकर की 19 जुलाई

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा)।** नगर विकास न्यास द्वारा विभिन्न आवासीय योजनाओं में लॉटरी द्वारा आवंटन के लिये आवेदन पत्र एवं भरे हुये आवेदन पत्र संबंधित बैंकों के माध्यम से विक्रय एवं प्राप्त किये जा रहे है। आवेदन फॉर्म जनता द्वारा सभी बैंकों में अत्यधिक भीड़ होने के कारण एवं जनता की सुविधा के लिये प्रकरण में निम्नानुसार कार्यवाही की जा रही है। सचिव नगर विकास न्यास ने बताया कि संबंधित बैंकों से आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई नियत थी। बैंकों से आवेदन पत्र क्रय करने की अवधि 15 जुलाई तक ही रहेगी। आवेदकगण इस अवधि तक आवेदन क्रय कर संबंधित बैंकों में 19 जुलाई तक जमा करा सकेगें। भरे हुये आवेदन 19 जुलाई तक संबंधित बैंकों में जमा कराये जायेगें। नियत अवधि के पश्चात् किसी भी स्थिति में आवेदन पत्र संबंधित बैंकों द्वारा और न ही न्यास द्वारा स्वीकार किये जायेगें। उन्होंने सभी आवेदकों से आग्रह किया है कि वे अतिशीघ्र बैंकों में आवेदन पत्र जमा करावें। जनसाधारण की सुविधा के लिये न्यास द्वारा कार्यालय में आवेदन पत्र/फार्म उपलब्ध करवाने की व्यवस्था एकल खिड़की के माध्यम से की जा रही है जो कि 15 जुलाई तक ही रहेगी। सुविधा केवल आवेदन/फार्म जनसाधारण को देने के लिये ही है। न्यास द्वारा भरे हुये आवेदन पत्र किसी भी स्थिति में स्वीकार नही किये जायेगें। भरे हुये आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंक एवं उनकी शाखाओं में ही जमा होगे।

## यमन में भारतीय महिला की फांसी टालने के लिए विदेश मंत्रालय सक्रिय

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** यमन में आगामी 16 जुलाई को भारतीय महिला निमिषा प्रिया को होने वाली फांसी को टालने के लिए भारत सरकार सक्रिय हो गई है। सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बूंदी, राजस्थान के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा द्वारा भारतीय महिला को तत्काल फांसी से बचाने की मांग पर, यमन की राजधानी सना स्थित भारतीय दूतावास को निमिषा प्रिया का जीवन बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। यह उल्लेखनीय है कि यमन की सना जेल में 16 जुलाई को केरल की निवासी भारतीय महिला निमिषा प्रिया को ओवरडोज इंजेक्शन से अपनी क्लीनिक के पार्टनर तलाल आबदो मेहदी की मृत्यु के मामले में फांसी होने वाली है। निमिषा प्रिया को फांसी से बचाने के लिए विदेश में संकटग्रस्त भारतीयों की सहायता के लिए कार्यरत राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक और कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने 11 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम राष्ट्रपति सचिवालय में याचिका दायर की थी। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग से भी भारतीय महिला का जीवन बचाने का आग्रह किया था। शर्मा ने विदेश मंत्रालय में भी शिकायत दर्ज करवाते हुए भारत सरकार से तत्काल कार्यवाही की मांग की थी। शनिवार और रविवार की दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार सुबह भारतीय महिला निमिषा प्रिया के मामले में नई दिल्ली स्थित भारतीय विदेश मंत्रालय सक्रिय हुआ और सोमवार प्रातः 11 बजे ही भारत के विदेश मंत्रालय ने यमन स्थित भारतीय दूतावास को भारतीय महिला का जीवन बचाने के लिए कार्यवाही के निर्देश दिए।

## सुरक्षा गार्ड और सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए जिले में लगेंगे शिविर

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** भारत सरकार के पसार एक्ट 2005 के तहत मिनिस्ट्री ऑफ़ होम अफेयर्स से हुए एमओयू के बाद, भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में बूंदी जिले के ग्रामीण और शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती चयन परीक्षा का आयोजन 16 जुलाई से किया जाएगा। भर्ती अधिकारी लोकेश कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सिक्योरिटी स्किल काउंसिल आफ इंडिया द्वारा जिले में पांच दिवसीय भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर 16 जुलाई को रा.उ. मा. विद्यालय तालेड़ा, 17 जुलाई रा. उ. मा. विद्यालय नैनवां, 18 जुलाई रा. उ. मा. विद्यालय केशवरायपाटन, 19 जुलाई रा. उ. मा. विद्यालय हिंडोली व 20 जुलाई को रा. उ. मा. विद्यालय बूंदी में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान के पद के लिए आवेदन करने वाले इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों की योग्यता 10वीं पास होनी चाहिए, उनकी आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए, और लंबाई 167.5 सेमी होनी आवश्यक है।

### नगर निगम का श्रावण मास में विशिष्ट आयोजन

## सावन के प्रथम सोमवार पर देवरिया बालाजी मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा)।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के चौथे दिन वार्ड 59 के अंतर्गत देवरिया बालाजी मंदिर में महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व, भाजपा जिलाध्यक्ष के सान्निध्य एवं पार्षदा बादाम देवी माली, पार्षद प्रतिनिधि दौलत माली की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ सहस्त्रधारा अभिषेक संपन्न हुआ। आचार्य योगेंद्र शास्त्री एवं सहयोगी पंडितों ने पूजा अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय शिव शंकर और बम बम भोले के उच्चारण से समूचे मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर पार्षद नरेश जाट, राजेंद्र जैन, अशोक खंडेलवाल, सूरज विश्नोई, घनश्याम माली, ओम सुथार, सुरेंद्र भण्डारी, देवराज, गोविंद माली, कैलाश माली, देवकिशन माली, किशन माली, देवीलाल माली, लक्ष्मण माली, राहुल माली, रोहित शर्मा, कोमल कुमार माली,



दिनेश माली, बाबूलाल पारीक, राकेश शर्मा, प्रहलाद टेलर, बंशी लाल माली, दिनेश मूंदड़ा सहित अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आज वार्ड 49, 32 और 38 में होगा सहस्त्रधारा अभिषेक

नगर निगम द्वारा आयोजित श्रावण मास सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम आज तीन वार्डों में आयोजित होगा। जिसके तहत सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे वार्ड 49 में स्थित रोकड़िया गणेश मंदिर में, दोपहर 1 बजे वार्ड 32 में वीर सावरकर चौक स्थित शिवालय में और सायं 4 बजे वार्ड 38 में मंगला चौक स्थित शिव मंदिर में अभिषेक का कार्यक्रम रहेगा।

## नवनियुक्त श्री सांवरियाजी मंदिर मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा जिलाध्यक्ष का कपासन में स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** कपासन क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री सांवरियाजी मंदिर मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं भाजपा जिलाध्यक्ष के आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। भाजपा एससी मोर्चा के जिला संयोजक भागीरथ चंदेल ने बताया कि नगर कपासन में सोमवार को अल्पप्रवास पर आगंतुक भाजपा जिला अध्यक्ष चितौड़गढ़ रतनलाल गाडरी एवं नवनियुक्त श्री सांवरियाजी मंदिर मंडल के अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव का भाजपा नगर मंडल कपासन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। भाजपा नगर मंडल कपासन अध्यक्ष पंकज सिरोया ने बताया कि इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा नवनियुक्त श्री सांवरियाजी मंदिर मंडल अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव तथा भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी को केसरिया उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

## नगर माहेश्वरी महिला संस्थान की साधारण बैठक सम्पन्न, आगामी कार्यक्रमों पर की विस्तृत चर्चा

### सावन का सखिया सोमवार भी सामूहिक रूप से मनाया, भजन और सुंदर गीतों की दी मधुर प्रस्तुतियाँ



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा)।** नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा सोमवार को काशीपुरी माहेश्वरी भवन में साधारण बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने बताया कि इस बैठक में नगर संस्थान की सभी सदस्याओं के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रीय महिला संगठनों की अध्यक्ष एवं सचिव भी उपस्थित रहे। जिससे बैठक की गरिमा और प्रभावशीलता और बढ़ी।

बैठक में सावन माह में आयोजित होने वाली सावन पिकनिक 22 जुलाई एवं आगामी नवरात्रि कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। सचिव सोनल माहेश्वरी ने बताया कि सभी बहनों ने पूर्ण उत्साह के साथ भागीदारी निभाई और सहयोग का आश्वासन दिया।

## आगामी बजट से पूर्व मिनी सचिवालय का डीपीआर बनाने की मांग : बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने सीएम और लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** विधायक हरिमोहन शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा खेल संकुल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के दौरान मिनी सचिवालय की घोषणा के बाद, इसके डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाने हेतु ओम बिरला और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। शर्मा ने पत्र में आगामी बजट से पूर्व ही मिनी सचिवालय का डीपीआर बनाने का अनुरोध किया है ताकि निर्माण कार्य समय पर शुरू हो सके। शर्मा ने अपने पत्र में बताया कि लंबे समय से अदालत परिसर और रोडवेज की भूमि पर मिनी सचिवालय और न्यायालय बनाने की मांग आमजन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने विवेक और



जनभावना के अनुरूप विधानसभा में इस मांग को पुरजोर तरीके से उठाया था और इस संबंध में मुख्यमंत्री व लोकसभा अध्यक्ष को समय-समय पर पत्र लिखकर अवगत कराया था। विधायक शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की घोषणा का स्वागत किया, जिसमें उन्होंने बताया था कि आने वाले राजस्थान के बजट में मिनी सचिवालय के लिए उपयुक्त धनराशि स्वीकृत करवाकर इस कार्य को पूर्ण करवा दिया जाएगा। शर्मा ने अपने अनुरोध को स्वीकार करने के लिए ओम बिरला का धन्यवाद भी व्यक्त किया। उन्होंने जोर दिया कि हमारा प्रयास रहना चाहिए कि बजट घोषणा के तत्काल पश्चात निर्माण कार्य विधिवत और वास्तविक रूप से आरंभ हो जाए। इसकी पूर्ति के लिए पूर्व में इस संपूर्ण योजना का डीपीआर बनाया जाना जरूरी है, क्योंकि डीपीआर बनाने में काफी लंबा समय लगता है। शर्मा ने सुझाव दिया कि अगला बजट आने में अभी लगभग 10 माह का समय शेष है, जिसका सदुपयोग इस संपूर्ण योजना का डीपीआर बनाने में किया जाना उपयुक्त होगा। इसके लिए कुछ धनराशि की आवश्यकता है, जो राज्य सरकार अपने किसी भी मद से उपलब्ध करा सकती है, ताकि आने वाले बजट घोषणा के पूर्व डीपीआर का कार्य पूरा हो सके।

## सांसद सीपी जोशी ने महादेव का जलाभिषेक कर चहुंओर अच्छी बारिश एवं खुशहाली की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी द्वारा नगर के प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर अच्छी बारिश एवं चहुंओर खुशहाली की कामना की गयी। नगर पालिका पार्षद एवं भाजपा मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी का सोमवार को अल्प प्रवास पर कपासन आगमन हुआ।इस दौरान सांसद सीपी जोशी द्वारा सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर देश-प्रदेश में चहुंओर अच्छी बारिश एवं खुशहाली की कामना की गयी। इस अवसर पर ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका



पार्षद नंदकिशोर टेलर, पूर्व युवा मोर्चा चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष प्रमोद बारेगामा, मंडल महामंत्री गजेंद्र बाघमार,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली, एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल, सोहन खटीक, मंडल उपाध्यक्ष चेतन शर्मा, दिनेश सोनी, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, युवा मोर्चा कपासन अध्यक्ष विकास बारेगामा, नपा पार्षद मुकेश पलोड़, गोपाल पुर्बीया, महबूब शाह, मनीष बारेगामा, ग्रामीण मंडल महामंत्री कैलाश अहीर, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, आशीष सोनी, मुकेश सिरोया, गौरव दाधीच, अशोक शर्मा, कन्हैयालाल बारेगामा, देवेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश तिवारी, कुलदीप बारेगामा, आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में जाकर त्रिपाठी ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौंसला



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा)।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने रविवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद कम्युनिटी हॉल शास्त्री नगर भीलवाड़ा में राजस्थान मुस्लिम यूथ मंसूरी समाज भीलवाड़ा द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में पहुँच कर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। त्रिपाठी ने रक्तदान - महादान की बात बताते हुऐ युवाओं से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान करने का आह्वान किया और आयोजक संस्था के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की। त्रिपाठी ने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किये। रक्तदान शिविर में पहुंचने पर इमामुद्दीन , बशीर थेम, अह्मद गोरी, नबी अली एवं मोहम्मद अली मंसूरी द्वारा राजस्थान मुस्लिम यूथ एवं मंसूरी समाज भीलवाड़ा की ओर से जिलाध्यक्ष त्रिपाठी का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। त्रिपाठी के साथ शिविर में पहुँचे यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर जाट, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अमरवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय प्रभारी मुस्ताक अली मंसूरी का भी आयोजक संस्था की ओर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

"इस संसार में कुछ भी स्थाई नहीं तो इस संसार की कोई वस्तु कैसे स्थाई हो सकती हैं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# छांगुर बाबा हिंदू लड़कियों को मुस्लिम देश भेजता थाप्पीड़ित बोलीं- गुर्गों से रेप करवाया; नसरीन से 8.5 लाख वसूलेगी सरकार

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ ( एजेंसी )।** छांगुर बाबा ने मेरा धर्म परिवर्तन कराया। उसके गुर्गों ने सहारनपुर, बलरामपुर और कर्नाटक में मेरे साथ कई बार गैंगरेप किया। मैंने सहारनपुर के थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने छांगुर के दबाव में कोई कार्रवाई नहीं की। छांगुर बाबा के सऊदी अरब में 500 से ज्यादा एजेंट हैं।पाकिस्तान और मुस्लिम देशों में हिंदू लड़कियां भेजी जा रही थीं। सपा का नेता भी धर्मांतरण के धंधे में छांगुर से मिला हुआ है। छांगुर बलरामपुर के बाद फरीदाबाद और हरियाणा में धर्मांतरण का जाल फैला रहा था।ये बातें छांगुर की शिकार बनी पीड़ित युवतियों ने सोमवार को लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यालय में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। उनका कहना है कि सनातन धर्म में वापसी करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। पुलिस भी छांगुर का साथ देती है। युवतियों ने हाथ जोड़कर सीएम योगी से न्याय की गुहार लगाई। कहा- योगी बाबा हिंदू महिलाओं और युवतियों की रक्षा करो।


छांगुर बाबा, आरोपी

**छांगुर बाबा की कोठी गिराने की होगी वसूली**

उधर, छांगुर बाबा की सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन की मधपुर गांव में बनी आलीशान कोठी पर बुलडोजर एक्शन के बाद अब प्रशासन ने 8,55,398 रुपए की वसूली का नोटिस जारी किया है। इस कोठी पर 8 से 10 जुलाई के बीच 3 दिन तक बुलडोजर चला था। मेन गेट और बिल्डिंग के 3 बड़े निर्माण को गिराया गया था। कोठी में 40 कमरे और 5 हॉल थे। ध्वस्तीकरण में 1 लाख क्विंटल मलबा निकला था।तहसीलदार न्यायालय उतरौला की तरफ से जारी नोटिस के अनुसार, नीतू उर्फ नसरीन ने प्रशासनिक आदेशों का पालन नहीं किया। नोटिस में ये भी साफ लिखा है कि अगर 15 दिन के भीतर यह राशि जमा नहीं की जाती है, तो रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।

यूपी एटीएस ने बलरामपुर के रेहरा माफी निवासी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके बेटे महबूब समेत 10 लोगों पर नवंबर, 2024 में एफआईआर दर्ज की थी। 5 जुलाई को ्रञ्जस् ने छांगुर बाबा को नीतू उर्फ नसरीन के साथ लखनऊ से गिरफ्तार किया था।

## मस्जिद में शादी की, तो लव जिहाद का पता चला

औरैया की रहने वाली एक युवती ने बताया- मेरे पिता के शराब पीने की आदत से मां परेशान थी। मां की अनुराग शर्मा से मुलाकात हुई। उसने बताया कि छांगुर बाबा शराब पीने की आदत छुड़वा देंगे। मेरी मां उसके झांसे में आ गईं। छांगुर बाबा कानुपर आया, तो मैं परिवार के साथ उससे मिली।उसके बाद अनुराग ने मुझसे फतेहपुर की मस्जिद में निकाह किया। तब पता चला कि वो हिंदू नहीं, मुसलमान है। उसका नाम मेराज अंसारी है। इस दौरान छांगुर ने मुझसे वीडियो कॉल पर बात की और मेरा नाम सबा रख दिया। निकाह के 3 महीने बाद तक अनुराग ने मुझे अपने घर में कैद करके रखा।इस दौरान मेराज के पिता कहते थे कि भारत को इस्लामिक मुल्क बनाएंगे। उसका छोटा भाई और पिता मेरा शारीरिक शोषण करते थे। हम लोग बहुत परेशान हो चुके थे। फिर हमें गोपाल राय के बारे में जानकारी हुई। उनकी मदद से 3 जुलाई को मेरी घर वापसी हुई।

## पीड़िता बोली- इंस्टाग्राम पर राजू से दोस्ती हुई, निकला वसीम

बेंगलुरु की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि छांगुर बाबा के चेले के संपर्क में सोशल मीडिया के जरिए आई। 3 जुलाई को घर वापसी करने के बाद 10 जुलाई को सऊदी के नंबर से मेरे पास धमकी भरी कॉल आई।यह कॉल उन सभी 15 लोगों को की जा रही है, जिन्होंने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जरिए 3 जुलाई को घर वापसी की थी। मैं इन सभी लोगों के मुख्य टारगेट पर हूं, क्योंकि हमने इनको सऊदी से लेकर भारत तक के कई राज खोले हैं।मैं साल-2021 में सऊदी गई थी। वहां पहुंचकर मालूम हुआ कि राजू राठौर, जिससे हमारी इंस्टाग्राम से हुई थी, वह वसीम है। वह छांगुर बाबा के गैंग का सदस्य है।उसने हमसे झूठ बोलकर राजू राठौर बताकर दोस्ती की थी। सऊदी अरब में हमारा अश्लील वीडियो बनाया धर्मांतरण करवाया। वहां पर इसके अन्य साथियों ने हमारे साथ गैंगरेप किया।इसकी फैमिली ने भी हिंदू बनकर हमसे बात की। सऊदी से हमको 3 महीने बाद वापस इंडिया भेजा गया और ब्लैकमेल करके 10 लाख रुपए लिए गए, जिसका पूरा विवरण मेरे पास है। इनकी बात ना सुनने पर हमें पीटा गया और शरीर जला दिया गया। छांगुर बाबा के गुर्गे गैंगरेप करके कहते थे अल्लाह की देन है। गैंगरेप के बाद जब हम बेहोश हो गए थे, तो हमें उतरौला ले जाकर छांगुर बाबा से मिलवाया था।

# बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया', कुर्सी बचा रहे सीएम,राहुल का नीतीश सरकार पर निशाना

बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** राहुल गांधी ने भी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' - हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! बेरोज़गार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुंडा राज।बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। वहीं, विपक्ष बिहार में कानून व्यवस्था और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर एनडीए सरकार पर लगातार हमला बोल रहा है। इन सबके बीच कानून व्यवस्था को लेकर राहुल गांधी ने भी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' - हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! बेरोज़गार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुंडा राज। नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए राहुल ने आगे लिखा कि ष्टरू कुर्सी बचा रहे हैं, भाजपा मंत्री कमीशन कमा रहे हैं। मैं फिर दोहरा रहा हूं - इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है। व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर एक के बाद एक अंजाम दी जा रहीं हत्या की घटनाओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस ने इन घटनाओं के लिए अवैध हथियारों और गोला बारूद की व्यापक उपलब्धता को जिम्मेदार ठहराया है। पिछले 10 दिन में, व्यवसायी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, 60 वर्षीय एक महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई लोगों की हत्याओं ने चुनाव से पहले बिहार को दहला दिया है। राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, राज्य में जनवरी से जून के बीच हर महीने औसतन 229 हत्याओं के साथ 1,376 हत्या के मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या 2,786 और 2023 में 2,863 थी।



# एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती... बिहार चुनाव में इंडिया ब्लॉक से जुड़ने से ओवैसी ने किया इनकार



बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं उठता और उन्होंने विरोधी दलों पर हाशिए पर पड़ी आवाज़ों को दबाने के लिए उनकी पार्टी को निशाना बनाने का आरोप लगाया।एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों से पहले इंडिया ब्लॉक के साथ किसी भी गठबंधन की संभावना से इनकार किया और राज्य में तीसरा मोर्चा बनाने के लिए समर्थन दोहराया। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए, ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं उठता और उन्होंने विरोधी दलों पर हाशिए पर पड़ी आवाज़ों को दबाने के लिए उनकी पार्टी को निशाना बनाने का आरोप लगाया। एएनआई के अनुसार, ओवैसी ने कहा कि एकतरफ़ा प्यार नहीं चलेगा... बिहार के लोगों को समझना चाहिए कि हम पर लगाए गए आरोप झूठ पर आधारित हैं। वे नहीं चाहते कि गरीबों और उत्पीड़ितों का कोई नेता उभरे।

# बोर्ड लगाकर बताएं-समोसे में कितना तेल, जलेबी में कितनी शक्कर

## केंद्र सरकार का आदेश- स्कूल-ऑफिस कैंटीन खाने में कैलोरी की जानकारी दें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अब समोसा, जलेबी, लड्डू और वड़ा पाव जैसी खाने की चीजों में कितनी शुगर और कैलोरी है, कैंटीन वालों को इसकी जानकारी तेल और शक्कर चेतावनी बोर्ड लगाकर देनी होगी।भारत में बढ़ती मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये कदम उठाया है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त संस्थाओं से अपनी कैंटीन में यह बोर्ड लगाने को कहा है।

सवाल 1- समोसा और जलेबी का ये नियम क्या है?

जवाब- भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अब समोसा, जलेबी, लड्डू और वड़ा पाव जैसी खाने की चीजों को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हुए



इन पर चेतावनी जारी करने को कहा है। इसके लिए केंद्रीय संस्थानों में %तेल और शक्कर चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

सवाल 2- ये तेल और शक्कर चेतावनी बोर्ड क्या हैं?

जवाब- ये बोर्ड सेंट्रल इंस्टीट्यूट की कैंटीन और वहां की सार्वजनिक जगहों पर लगाए जाएंगे। इन पर समोसा, जलेबी, पकौड़ा, लड्डू जैसे नाश्तों में मौजूद तेल और चीनी की मात्रा की जानकारी दी जाएगी। उदाहरण के लिए, यह बताया जा सकता है कि एक गुलाब जामुन में पांच चम्मच चीनी होती है। इसका मकसद लोगों को जंक फूड के स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में जागरूक करना है।

सवाल 3- सरकार ऐसा क्यों कर रही है?

जवाब- भारत में मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के दस्तावेज बताते हैं कि 2050 तक भारत में 44.9 करोड़ लोग मोटापे या अधिक वजन से प्रभावित हो सकते हैं। खराब खानपान और कम शारीरिक गतिविधि इसके मुख्य कारण हैं। इसलिए सरकार जंक फूड को सिगरेट की तरह खतरनाक मानकर लोगों को सतर्क करना चाहती है।

# केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी 34 प्रतिशत तक बढ़ सकती है, कब से लागू होगा 8वां वेतन आयोग

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 8वें वेतन आयोग से सरकारी कर्मचारियों के मूल वेतन, भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभों में बढ़ोतरी होगी। इसका असर लगभग 1.1 करोड़ लोगों पर पड़ेगा, जिनमें लगभग 44 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारी और लगभग 68 लाख पेंशनभोगी शामिल हैं। गौरतलब है कि अभी केवल व्यापक घोषणाएँ ही की गई हैं, जबकि आयोग की अध्यक्षता कौन करेगा और इसकी शर्तें क्या होंगी, जैसी विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

8वें वेतन आयोग के लागू होने के बाद लाखों सरकारी कर्मचारियों के वेतन में भारी वृद्धि होने वाली है। एम्बिट कैपिटल की एक रिपोर्ट के अनुसार, वेतन में लगभग 30-34 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। नया वेतनमान



जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना है। हालाँकि, 8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले, इसे पहले तैयार करना, सरकार को भेजना और फिर मंजूरी देना आवश्यक है।

**8वें वेतन आयोग का 1.1 करोड़ लोगों पर असर**

एक बार मंज़ूरी मिलने के बाद, 8वें वेतन आयोग से सरकारी कर्मचारियों के मूल वेतन, भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभों में बढ़ोतरी होगी। इसका असर लगभग 1.1 करोड़ लोगों पर पड़ेगा, जिनमें लगभग 44 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारी और लगभग 68 लाख पेंशनभोगी शामिल हैं। गौरतलब है कि अभी केवल व्यापक घोषणाएँ ही की गई हैं, जबकि आयोग की अध्यक्षता कौन करेगा और इसकी शर्तें क्या होंगी, जैसी विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# जयपुर में विधानसभा गेट पर संदिग्ध बैग मिलने की मॉकड्रिलन्वायर देख बम होने का शक जताया, सिक्योरिटी एजेंसियों ने संभाला मोर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में विधानसभा के साउथ-ईस्ट गेट पर सोमवार दोपहर संदिग्ध बैग मिलने पर हड़कंप मच गया। बैग से निकलते बिजली तारों को देखकर बम होने का अंदेशा जाहिर किया गया। पुलिस कंट्रोल रुम की सूचना पर पुलिस टीम सहित तमाम सिक्योरिटी एजेंसियों ने मोर्चा संभाला। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी एजेंसियों का रिस्पांस टाइम



और को-ऑर्डिनेशन जांचने के लिए मॉकड्रिल कंडक्ट की गई है। एसएचओ(ज्योति नगर) संतरा मीना ने बताया- दोपहर करीब 3:30 बजे पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना मिली कि विधानसभा के साउथ-ईस्ट गेट के पास संदिग्ध बैग रखा हुआ है। पुलिस कंट्रोल रुम ने तुरंत ज्योति नगर थाना पुलिस सहित पुलिस आलाधिकारियों को विधानसभा गेट पर संदिग्ध बैग रखे होना बताया। ज्योति नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सूचना की पुष्टि की। बैग से निकल रहे बिजली तारों को देखकर बम होने का भी अंदेशा जाहिर किया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में तुरंत बेरिकेडिंग कर रास्तों को रोका गया।

# राधिका मर्डर केस- एक मैसेज से परेशान हुआ आरोपी पिता

## फआईआर में लिखा- तानों के चलते बेटी को मारा; गांव के लोग बोले- ऐसी बात नहीं

बढ़ता राजस्थान

**गुरुग्राम ( एजेंसी )।** हरियाणा के गुरुग्राम की जूनियर इंटरनेशनल टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या के मामले में एक नई बात सामने आई है। पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने बताया कि राधिका की हत्या से एक दिन पहले उसके पिता दीपक यादव के पास एक मैसेज आया था। यह मैसेज गांव के ही एक व्यक्ति ने किया था।महिला ने बताया कि इस मैसेज में राधिका के बारे में कई ऐसी बातें लिखी थीं, जिन्हें पढ़कर दीपक परेशान हो गया था। इसके अगले ही दिन उसने राधिका की हत्या कर दी। हालांकि, मैसेज किस व्यक्ति ने किया, इसके बारे में महिला ने कुछ नहीं बताया। उसने कहा- मैं इस मैटर में नहीं पड़ना चाहती।

इसके अलावा, वारदात के दिन का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें राधिका का भाई धीरज दिखाई दे रहा है। दीपक ने वारदात से पहले धीरज को गांव से दूध लेने भेजा था। धीरज फोन पर बात करता हुआ दूध लेने पहुंचा था। वह विनोद के घर के बाहर बाहर ही खड़ा रहकर फोन पर बात करता रहा और दूध लेते ही चला गया। न वह किसी से मिला और न ही किसी से बात की।ब तक जांच में पुलिस इस थ्योरी को मानकर चल रही है कि हत्या की वजह गांव से जुड़ी है।





पुलिस की स्नढ्ढक्र में हत्या के आरोपी पिता को गांव से बेटी की कमाई खाने के ताने मिलने की बात सामने आई थी। इसे लेकर पुलिस 35 लोगों से पूछताछ भी कर चुकी है। हालांकि सभी ने तानों की बात नकारी है।

राधिका के मर्डर में गांव की भूमिका पता करने के लिए दैनिक भास्कर एप की टीम वजीराबाद पहुंची, जहां से पिता को मैसेज मिलने की बात सामने आई। साथ ही ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज भी मिला। हालांकि, लोगों से ताने मिलने की बात गांव में किसी ने नहीं मानी। दीपक के परिजनों का कहना है कि पिता-बेटी के बीच कोई बड़ी वजह रही होगी, जिसके चलते दीपक ने यह कदम उठाया।

गुरुग्राम के सेक्टर-57 स्थित सुशांत लोक-2 में दीपक यादव का घर है। दीपक का पैतृक गांव वजीराबाद है। दीपक रोजाना घर से गांव तक ढाई किमी दूर स्कूटी से दूध लेने जाया करता था। गांव में दीपक के कुनबे के काफी परिवार रहते हैं।मामले की तह तक जाने के लिए दीपक के घर से लेकर उसके गांव तक के रास्ते में कई लोगों से बातचीत की गई और जानने का प्रयास किया कि आखिरकार दीपक को गांव में कौन व्यक्ति ताने मारते थे और गांव में मर्डर के बाद किस तरह का माहौल है?

**गांव में मर्डर की चर्चा, बेटी का हत्यारा पिता नाम से दीपक को जान रहे लोग**

गांव वजीराबाद में एंट्री पर ही शराब का एक बड़ा ठेका है। मुख्य सड़क से मार्केट की तरफ रोड है, जो आगे रिहायशी इलाके की तरफ जाता है। एंट्री करते ही मार्केट के सामने श्याम स्वीट्स की दुकान है। इस दुकान पर दीपक के घर का पता पूछा तो दुकान मालिक ने कहा- वही दीपक, जिसने बेटी की हत्या कर दी? उसका घर भूत मोहल्ले में है। हालांकि, गांव के बुजुर्ग सतीश को दीपक से हमदर्दी है। उन्होंने कहा कि दीपक यादव भला आदमी है। उसने राधिका पर खूब पैसा बहाया, लेकिन आजकल के बच्चे किसी की बात नहीं सुनते। बच्चों को शुरू से ही अपनी तरह बनाओ। बड़े होने के बाद बदलाव तो हर किसी में आता है।

**भूत मोहल्ले में रहता है यादव परिवार**

गांव में यादव परिवार भूत मोहल्ले में रहता है। इसका नाम भूत मोहल्ला इसलिए है, क्योंकि बहुत पुराने घर यहां बने हुए हैं। मोहल्ले में एक बड़ी सी चौपाल है। इस चौपाल में ऑटो व गाड़ियां खड़ी रहती हैं। घर पहुंचे तो एक महिला और दीपक के ताऊ का लड़का राजकुमार पहले से ही खड़े मिले। राजकुमार से पूछा कि गांव में दीपक को कोई ताने देता था क्या? इस पर राजकुमार ने कहा कि पुलिस वालों ने ही हमें ताने के बारे में बताया। इससे पहले हमने कभी तानों के बारे में नहीं सुना।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार